RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

वर्ष-12, अंक 185 | भोपाल, सोमवार ● 31 मार्च 2025 | मूल्य 2.00 रुपए , कुल पृष्ठ - 8

## सुविचार

'अभिमान' कहता है, मुझे किसी की भी 'जरूरत' नहीं है, परन्तु 'अनुभव' कहता है कि समय आने पर सड़क पर 'धूल की जरूरत' भी, पड़ जाती है...

- के.पी. जाट, भोपाल

खोजना है तो जिंदगी खोजो मोत तो वैसे ही एक दिन खोज लेगी।

- सोमनाथ तिवारी, माण्डव

जो सबके लिए रखें अच्छे विचार और
रखें मन में 'हर्ष' उसके लिए
रोज त्यौहार रोज नया 'वर्ष'।

- हरिशंकर पाटीदार, लिम्बोदा देवास

### स्पाइसजेट प्लेन का टायर फटा, इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई

**जयपुर (हि.स.)।** जयपुर से चेन्नई गई स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। घटना रविवार सुबह की है। चेन्नई एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार टायर में खराबी की सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को मिली थी। इसके बाद अलर्ट जारी किया गया है प्लेन को सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में क्रू-मेंबर सहित 200 लोग सवार थे। दरअसल, फ्लाइट 9046 ने शनिवार देर रात 1 बजकर 55 मिनट पर जयपुर से चेन्नई के लिए उड़ान भरी थी। ढाई घंटे बाद फ्लाइट के पायलट को पता चला की फ्लाइट की टायर में खराबी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर के तीन राज्यों से जुड़े विभिन्न जिलों एवं पुलिस थानों पर लागू 'सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम' (अफस्पा) को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। रविवार को जारी अधिसूचना के तहत 13 पुलिस स्टेशनों को छोड़कर संपूर्ण मणिपुर, नागालैंड के आठ जिलों और 21 पुलिस स्टेशनों तथा अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों तथा तीन पुलिस थानों को 'अशांत' घोषित किया गया है। अशांत क्षेत्रों की स्थिति में तेजी से सुधार के लिए 'अफस्पा' के तहत सशस्त्र पुलिस बलों को कुछ विशेष अधिकार दिए जाते हैं। इसके तहत बलों को केंद्र की अनुमति के बिना अभियोजन चलाए जाने से भी संरक्षण मिलता है। गृह मंत्रालय की ओर से इस संबंध में तीन अलग-अलग अधिसूचना जारी की गई।

### बाल-बाल बची जान रूसी राष्ट्रपति पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट

**नई दिल्ली।** मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार के इंजन में आग लग गई थी और फिर अंदर फैल गई। हालांकि जिस वक्त ये हादसा हुआ, उस वक्त ये कार पुतिन के काफिले में शामिल नहीं थी और न ही पुतिन इस कार के आस-पास थे। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। घटना के बाद पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई हैं। 26 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया था कि जल्द पुतिन की मौत होगी।

### कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे बेपटरी, एक की मौत, 8 घायल

**नई दिल्ली।** ओडिशा के कटक में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12551) के 11 एसी कोच पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई जबकि 8 अन्य घायल हैं। मेडिकल और इमरजेंसी टीम मौके पर मौजूद है। हादसा सुबह 11:54 बजे मंगुली पैसेंजर हॉल्ट से लगे निरगुंडी स्टेशन के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि हादसे की वजह से तीन ट्रेन डायवर्ट की गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को कामाख्या ले जाने के लिए विशेष ट्रेन 4:10 बजे घटनास्थल पर पहुंची और शाम 5:05 बजे कामाख्या के लिए रवाना हो गई। डीएम दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा, घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है... 8 लोग घायल हैं। जिन घायलों को रेफर करने की जरूरत थी और उन्हें बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित किया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### विक्रम विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

# हर युग में रहा अवंतिका नगरी का अस्तित्व

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। विक्रम विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को उपाधि और स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पद्मभूषण कमलेश डी. पटेल को मानद डी.लिट. की उपाधि से सम्मानित किया गया।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय का नाम बदलकर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय किया जाएगा। उज्जैन, जिसे अवंतिका के नाम से भी जाना जाता है, सात पवित्र नगरियों में से एक है और इसका अस्तित्व हर युग में रहा है। उन्होंने गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके ऊपर अब और अधिक जिम्मेदारी है। उनसे अपेक्षा है कि वे अपनी शिक्षा के बल पर विश्वविद्यालय, प्रदेश और देश का नाम विश्वभर में रोशन करें।




### अच्छी नौकरी मिलने के बाद माता-पिता को भूल जाते

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए माता-पिता के प्रति कृतज्ञ रहने की सीख दी। उन्होंने कहा, आज के दौर में माता-पिता छोटे बच्चों को उंगली पकड़कर स्कूल छोड़ने जाते हैं, लेकिन वही बच्चे बड़े होकर अच्छी नौकरी मिलने के बाद माता-पिता को भूल जाते हैं। यह गलत है। माता-पिता ने कठिनाइयों को सहकर बच्चों को बड़ा किया है, इसलिए उनका सम्मान और सेवा करना हर संतान का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि जो माता-पिता की सेवा करेगा, वही समाज और राष्ट्र की भी सेवा करेगा।

### शोभायात्रा से समारोह की शुरुआत

समारोह की शुरुआत अकादमिक शोभायात्रा से हुई, जिसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। अतिथियों ने वाग्देवी के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और सम्राट विक्रमादित्य की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद कार्यपरिषद सदस्यों और संकाय अध्यक्षों के साथ समूह चित्र लिया गया।

### विद्यार्थियों को उपाधियां और स्वर्ण पदक

2024 के पीएच.डी. और डी.लिट. उपाधि धारकों को सम्मानित किया गया। स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान की गईं। इस वर्ष 163 विद्यार्थियों ने दीक्षांत समारोह में पंजीयन कराया, जिसमें 64 पीएच.डी., 2 डी.लिट., 69 स्नातकोत्तर और 28 स्नातक उपाधि प्राप्तकर्ता शामिल थे।

# हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे : पीएम मोदी

### स्वयंसेवक का जीवन निस्वार्थ... प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार संघ मुख्यालय पहुंचे मोदी

**नागपुर (हि.स.)।** प्रधानमंत्री मोदी रविवार को आरएसएस मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। बतौर प्रधानमंत्री मोदी की यह संघ मुख्यालय का पहला दौरा था। प्रधानमंत्री ने संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने संघ की तारीफ करते हुए कहा- राष्ट्रीय चेतना के लिए जो विचार 100 साल पहले संघ के रूप में बोया गया, वो आज महान वट वृक्ष के रूप में दुनिया के सामने हैं। हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे हैं।



### आत्मविश्वास से भरा हुआ युवा धर्म से जुड़ा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी पूंजी हमारा युवा है। देश का युवा आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उसकी रिस्क-टेकिंग कैपेसिटी पहले से कई गुना बढ़ चुकी है। वह इनोवेशन कर रहा है, स्टार्टअप की दुनिया में परचम लहरा रहा है। अपनी विरासत और संस्कृति पर गर्व करते हुए आगे बढ़ रहा है। महाकुंभ में हमने देखा कि लाखों-करोड़ों की संख्या में युवा पीढ़ी पहुंची और सनातन परंपरा से जुड़कर गौरव से भर उठी। भारत का युवा आज देश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए काम कर रहा है। यही युवा 2047 के विकसित भारत की ध्वजा थामे हुए हैं। मुझे भरोसा है कि संगठन, समर्पण और सेवा की त्रिवेणी विकसित भारत की यात्रा को ऊर्जा और दिशा देती रहेगी।

## पर्यावरण संरक्षण पर अन्य देशों को साथ लेकर काम करें विकसित देश : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पर्यावरण पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के मुद्दे पर विकसित देश खुद को अलग नहीं कर सकते। उन्हें ऐसे मॉडल को अपनाना चाहिए जिससे धरती का स्वास्थ्य, मानव समृद्धि और कल्याण हो।

उन्होंने कहा, पर्यावरण के मुद्दे पर विकसित देश खुद को यह मानते हुए अलग नहीं कर सकते कि उनके पास एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र उत्पन्न करने के लिए तकनीकी साधन हैं। यह कुछ वर्षों तक रह सकता है लेकिन हमेशा के लिए नहीं। यदि वे वैश्विक समुदाय के साथ शामिल नहीं होते हैं तो उनके लिए खतरा सामने खड़ा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण न्याय अक्सर देरी, अस्वीकार करने, निपटान करने और उलझा देने के कुचक्र का शिकार है, जिसे तोड़ा जाना चाहिए।

## राजद संरक्षक लालू और कांग्रेस नेता सोनिया ने बिहार को बर्बाद कर दिया : शाह

**पटना/गोपालगंज (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस और उसकी सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर जोरदार प्रहार किया। शाह ने कहा कि राजद संरक्षक लालू प्रसाद यादव और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने बिहार को %बर्बाद% कर दिया। वे आज दोपहर गोपालगंज में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग की गठबंधन सरकार में राज्य के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया और आज बिहार को बीमारू राज्य से प्रगतिशील राज्य की पंक्ति में लाकर के खड़ा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब बिहार को यह तय करना है कि उसे लालू-राबड़ी का जंगल राज चाहिए या मोदी जी और नीतीश कुमार का विकास पथ। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस जो 65 साल में नहीं कर पाई, वह नरेन्द्र मोदी ने 10 साल में कर दिखाया। उन्होंने कहा कि आने वाले बिहार विधानसभा में राजग सरकार को फिर से वोट दें। हम पांच साल के भीतर बिहार को बाढ़ मुक्त बना देंगे। बिहार में राजग 2005 में सत्ता में आयी और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने। इस गठबंधन ने दो दशकों तक बिहार पर शासन किया है। पिछले 20 सालों में दो बार ऐसा हुआ है जब नीतीश कुमार विपक्षी खेमे में चले गए और राजद के साथ गठबंधन में राज्य सरकार चलाई। नीतीश कुमार अब राजग खेमे में वापस आ गए हैं और बिहार चुनाव के लिए भाजपा के साथ मिलकर तैयारी कर रहे हैं।

## हिमाचल प्रदेश में गाड़ियों पर गिरा पेड़, छह की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में नव संवत के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। कायल का एक पेड़ तेज हवा के चलते नीचे खड़ी गाड़ियों पर गिर गया। पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल हैं। घायलों को कुल्लू अस्पताल लाया जा रहा है। फिलहाल, मरने वालों की पहचान की जा रही रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मणिकर्ण गुरुद्वारा के ठीक सामने वाली सड़क के पास एक पेड़ टूटकर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से वहां पर खड़े रेहड़ी संचालक एक गाड़ी सवार और तीन पर्यटक जो मौके पर मौजूद थे उनकी मौत हो गई है। मरने वालों की पहचान की जा रही रही है। एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने बताया कि हादसे में 6 लोगों की जान गई है, जबकि कई घायल हुए हैं।

### अधिकार समूहों द्वारा किए गए एक राष्ट्रव्यापी सर्वे में हुआ खुलासा

# भारत में 82 फीसदी दिव्यांगों के पास नहीं है कोई बीमा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत में 82 फीसदी दिव्यांगों के पास किसी भी प्रकार का बीमा नहीं है। इतना ही नहीं 42 फीसदी दिव्यांगजन सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य योजना- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से पूरी तरह अनजान हैं। यह खुलासा अधिकार समूहों द्वारा किए गए एक राष्ट्रव्यापी सर्वे में हुआ है।

पिछले सप्ताह राष्ट्रीय दिव्यांगजन नेटवर्क की एक बैठक हुई, जिसमें 20 से अधिक राज्यों के नागरिक समाज समूह और दिव्यांगजन अधिकार संगठन शामिल हुए। बैठक के दौरान अधिकार समूहों ने दिव्यांगों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसमें दिव्यांगों के पास बीमा न होने और आयुष्मान भारत योजना की जानकारी न होने का निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया।



### बिना शर्त कवरेज बढ़ाने की मांग

बैठक में, विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य बीमा तक पहुंच में आने वाली बाधाओं पर चर्चा की। मल्टीपल स्केलेरोसिस सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव संदीप चिटनिस ने कहा, जब आपको विकलांगता का पता चलता है, तो बीमा प्राप्त करना लगभग असंभव हो जाता है। हमें एक ऐसा सिस्टम चाहिए जो लोगों को उनकी विकलांगता के लिए दंडित न करे। एनडीए ने केंद्र सरकार से आयुष्मान भारत के तहत दिव्यांगजनों के लिए बिना शर्त कवरेज बढ़ाने की मांग की।

### सरकार के नियमों पर उठाया सवाल

अरमान अली ने सरकार के नियमों पर सवाल उठाया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जहां आयुष्मान भारत 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बिना शर्त कवरेज प्रदान करता है, वहीं विकलांग व्यक्तियों के लिए ऐसा कोई प्रावधान मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा, विकलांगता और गरीबी एक दुष्चक्र का हिस्सा हैं। हम केवल योजनाओं की मांग नहीं कर रहे हैं, हम प्रतिनिधित्व और नीतिगत बदलावों की मांग कर रहे हैं।

### 28 फीसदी ने ही योजना के लिए किया आवेदन

राष्ट्रीय दिव्यांगजन रोजगार संवर्धन केंद्र (एनसीपीईडीपी) द्वारा आयुष्मान फॉर ऑल अभियान के तहत सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 5,000 से अधिक दिव्यांगों से प्रतिक्रियाएं ली गईं। इस योजना का उद्देश्य कमजोर वर्ग को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। इसके बावजूद केवल 28 फीसदी दिव्यांग ही इसके लिए आवेदन कर पाए हैं। एनसीपीईडीपी के कार्यकारी निदेशक अरमान अली ने कहा कि ये आंकड़े केवल संख्याएं नहीं हैं, बल्कि उन लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो आवश्यक स्वास्थ्य सेवा से वंचित हैं। स्वास्थ्य बीमा विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेषाधिकार नहीं, बल्कि उनके जीवनयापन की जरूरत है।

मध्य भारत का तेजी से बढ़ता अखबार...

दैनिक विनय उजाला

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

01 अप्रैल 2025 से 12 पृष्ठ के साथ...

- देश-विदेश
- खेल
- व्यापार
- साहित्य रचना
- राशि-भविष्य फल

के साथ महत्वपूर्ण समाचार...



## संक्षिप्त समाचार

### एकलव्य विशिष्ट शाला चयन परीक्षा हुई



**डही, निप्र।** नगर के सीएम राइज विद्यालय में रविवार को जनजातीय कार्य विभाग के विशिष्ट विद्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा हुई। इसमें कक्षा छठी में प्रवेश के लिए विकासखंड के 209 विद्यार्थियों ने चयन परीक्षा दी। यह परीक्षा केंद्राध्यक्ष अरुण कुशवाह, सहयोगी विजेंद्र सिंह डावर और सचिन इश्के के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रेक्षक मनीष भावसार ने परीक्षा का निरीक्षण किया। डही विकासखंड के साथ ही जिले के सभी 13 विकासखंडों में यह परीक्षा हुई। जिसमें पूरे जिले के कुल 15 केंद्रों पर करीब 2500 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

### ढोल और नगाड़ों की थाप पर बाइक रैली निकाली



**मांडू, निप्र।** मांडू में हिंदू युवा शक्ति के द्वारा पर्यटन नगरी मांडू में आज गुड़ी पड़वा नववर्ष पर एक विशाल भगवा बाइक यात्रा पूरे नगर में निकाली गई चतुर्भुज राम मंदिर से लेकर नगर के प्रमुख मार्गो गली मोहल्ले से होते हुए यह यात्रा वापस मुख्य चौराहे पहुंची और उसके बाद मंडेश्वर महादेव मंदिर में युवा ने पूजा अर्चना कर भगवा यात्रा का समापन किया और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी।यह त्योहार गर्मियों की शुरुआत का प्रतीक है। चैत्र नवरात्र का त्योहार मां दुर्गा और उनके नौ दिव्य अवतारों की पूजा के लिए समर्पित है। पर्यटन नगरी मांडू में आज रविवार गुड़ी पड़वा नववर्ष पर मांडू नगर के युवा बच्चों ने भगवा ध्वज मोटरसाइकिल पर लेकर निकले वही एक विशाल भगवा यात्रा मांडू के चतुर्भुज राम मंदिर से लेकर नगर के प्रमुख मार्गों पर जहां नगर वासियों ने पुष्पों से स्वागत किया गया।

### पीएम मोदी के मन की बात जिले के 18 मंडलों के 821 बूथ केंद्रों पर सुनी गई

# जीवन मूल्यों में बदलाव लाने के लिए प्रेरक : सावित्री ठाकुर

## पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेद और योग को अपनाने की अपील की

विनय उजाला



**धार, निप्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम का 120 वां एपिसोड का सीधा प्रसारण रविवार को जिले के सभी मंडल प्रभारी एवं जिला पदाधिकारियो 18 मंडलों के अध्यक्ष एवं सभी जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रमुख रूप से अनेक बूथों पर देखा व सुना गया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि धार जिला मुख्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे मंडल व बूथ नम्बर 107 पर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर धार विधायक नीना वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के कार्यक्रम का श्रवण किया। हिंदू नववर्ष के अवसर पर अतिथियों ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का कार्यक्रम जीवन मूल्यों में बदलाव लाने के लिए प्रेरक है। मन की बात प्रेरणा देने वाला कार्यक्रम तो है ही साथ देश भर के अनेक नवाचार को आत्मसात करने का मौका भी देता है तथा एक सफलता की कहानी पेश कर आमजनों को अपने जीवन मे बेहतर करने की प्रेरणा व मार्गदर्शन भी देता है।

वही जिला अध्यक्ष महंत भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के कार्यक्रम में हमारे देश के छोटे-छोटे नेनिहालों को गर्मी की छुट्टियां कैसे बिताना चाहिए जो बच्चो के लिए प्रेरक है तथा कृष्ण कमल के फूल का जिक्र भी किया साथ ही खेलो इंडिया के बारे में युवाओं को मार्गदर्शन दिया तथा जल संरक्षण के लिए अपने प्रेरणादायी उद्बोधन दिया।

उन्होंने युवाओं से अपील की है कि उन्हें मन की बात का प्रत्येक एपिसोड देखना चाहिए ताकि देश के प्रत्येक विषय की जानकारी मिले व हमारा ज्ञानवर्धन भी होगा। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जयराज देवड़ा सहित महिला मोर्चा कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# बोहरा समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद-उल-फितर

विनय उजाला



**डही, निप्र।** डही में बोहरा समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद-उल-फित्र नमाज और ईदी के साथ फैला भाईचारा रमजान के पवित्र महीने की इबादतों और रोजों का समापन होने के बाद रविवार, 30 मार्च 2025 की सुबह डही में बोहरा समाज ने ईद-उल-फित्र का पर्व बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया। नगर की प्रमुख मस्जिद जो अराड़ा रोड पर स्थित है, में सुबह 6 बजे ईद की नमाज अदा की गई, जिसमें समाज के हजारों लोग शामिल हुए। डही बोहरा समाज के जनाब हुसैन भाई ने नमाज अदा कराई।

नमाज के बाद गले मिलकर 'ईद मुबारक' की बधाइयां दी गई, पारंपरिक मिठास से भरे शीर खुरमा का स्वाद चखा गया और बच्चों को ईदी देकर उनकी मुस्कुराहटें बढ़ाई गईं। यह पर्व न सिर्फ खुशियों का त्योहार साबित हुआ, बल्कि एकता, भाईचारे और नेकी के संदेश को भी घर-घर तक पहुंचाने का जरिया बना।

सुबह के शांत और पवित्र माहौल में नमाज की गूंज सुनाई दी। परिवारों के साथ बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस खास आयोजन का हिस्सा बने। नमाज के बाद मस्जिदों के बाहर गर्मजोशी भरे गले मिलने का सिलसिला शुरू हुआ, जो बोहरा समाज की एकता और आपसी प्रेम का प्रतीक बन गया।

**शीर खुरमा की मिठास और ईदी का उत्साह :** ईद की नमाज के बाद बोहरा समाज की सबसे प्यारी परंपराओं में शुमार शीर खुरमा का दौर शुरू हुआ। यह स्वादिष्ट व्यंजन दूध, सेवई, चीनी और मेवों से तैयार किया जाता है और ईद की खुशियों को दोगुना करने का काम करता है। घर-घर में सुबह से ही इसे बनाने की तैयारियां चल रही थीं। पड़ोसियों, रिश्तेदारों और दोस्तों के बीच इसे बांटा गया। 60 साल के मन्सुर भाई घाणा ने भावुक होते हुए कहा, 'शीर खुरमा हमारे लिए सिर्फ खाना नहीं, बल्कि प्यार और भाईचारे का संदेश है। इसे बांटते वक्त जो खुशी मिलती है, वही ईद का असली मतलब है।

दूसरी ओर, बच्चों के लिए ईदी का इंतजार इस दिन की सबसे बड़ी खुशी होती है। बड़े-बुजुर्गों ने बच्चों को नकदी और तोहफे देकर उनकी आंखों में चमक बिखेरी। 10 साल के शब्बिर ने अपनी ईदी दिखाते हुए कहा, 'मुझे 500 रुपए मिले हैं। अब मैं बाजार जाकर अपने लिए एक खिलौना लूंगा।' बच्चों का यह उत्साह और उनकी मासूम खुशी ईद के माहौल को और जीवंत बना रही थी।

**एकता और सादगी का सबक :** ईद-उल-फित्र का यह पर्व बोहरा समाज के लिए एकता और सादगी का प्रतीक बनकर उभरा। सुबह से ही डही की सड़कों पर रौनक छाई रही। मस्जिद के बाहर लोगों का हुजूम, बच्चों की चहल-पहल और शीर खुरमा की खुशबू ने पूरे नगर को उत्सव के रंग में रंग दिया। समाज के बुजुर्गों का कहना था कि यह दिन हमें सिखाता है कि जिंदगी की असली दौलत अच्छाई और सादगी में छिपी है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में 18 अमृत सरोवर, 840 खेत तालाब का निर्माण

## प्राचीन कुएं, बावड़ी,जलाशयों का पुनरुद्धार किया जाएगा : कलेक्टर डॉ. बेड़ेकर



विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में आज ग्राम पंचायत कवठू में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया । जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए मध्यप्रदेश सरकार की पहल है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम सभी लोग पानी की बूंद बूंद बचाने का संकल्प लेंगे। इस अभियान के दौरान 18 अमृत सरोवर , 840 खेत तालाब का निर्माण , प्राचीन कुएं बावड़ी जलाशयों का पुनरुद्धार किया जाएगा ।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए जन सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण अंग है।

कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कवठू ग्राम की प्राचीन महादेव बावड़ी के उत्थान के लिए ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया उन्होंने कहा कि इन प्राचीनतम जलाशयों पर हमारा पुराना पारिस्थितिक तंत्र आश्रित रहा है । इसके पुनरुद्धार के लिए सभी ग्रामवासी प्रयास करें ताकि एक उत्तम जल संग्रहण स्त्रोत हमें प्राप्त हो सके।

### मांडू में पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

# अवैध शराब से भरा स्कॉर्पियो वाहन किया जब्त, चालक वाहन छोड़कर हुआ फरार

## 82 हजार रुपए बताई जा रही शराब की कीमत, पुलिस ने जब्त किया शराब से भरा वाहन

विनय उजाला



**मांडू, निप्र।** मांडू पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मांडू थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुखबिर की सूचना के बाद ग्राम तीतीपूरा में अवैध शराब की सूचना मांडू पुलिस को मिली, सूचना मिलते ही, मांडू थाना प्रभारी राम सिंह राठौड़ अपनी टीम के साथ रवाना हुए, और विधिवत वाहन को थाने लाया गया है, और गांव से पहले स्कॉर्पियो वाहन को रोक कर इस वाहन की तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान वहां में 21 अलग-अलग ब्रांड की शराब की पेटी वाहन में रखी थी। वाहन में से कुल 21 पेटी देसी /विदेशी शराब 211 बल्क लीटर, इन दोनों शराब कि कल क़ीमत 82 हजार 700 रुपये बताई गई है, वहीं वाहन स्कॉर्पियो की कीमत 3 लाख 50 हजार, बताई जा रही है, वही इस वाहन क्रमांक में यह शराब सहित इस पुलिस ने जप्त किया है, इस स्कॉर्पियो कार जिसका वाहन क्रमांक यह है स्क09.ष्टश्च.5299 , मांडू पुलिस ने इस धारा में प्रकरण दर्ज किया है, जिसका अपराध क्रमांक 16/ 25 धारा 34 आबकारी एक्ट, के तहत यह कार्रवाई की गई है, जिसका घटना स्थल ग्राम तितीपुरा थाना मांडू । आरोपी वाहन चालक मोके पर से वाहन छोड़कर फरार हो गया है अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबध किया गया है । आरोपी मौके से फरार हो गए हैं, पुलिस उनकी तलाशी कर रही है,

**यह देसी विदेशी शराब जप्त की है :**

- » 12 पेटी बोल्ट बियर
- » 3 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब
- » 01 पेटी लंदन प्राइड स
- » 05 पेटी देशी प्लेन मदिरा शराब

इस कार्रवाई में इनका रहा सरहानीय योगदान

मांडू थाना प्रभारी द्व रामसिंह राठौर, उप निरीक्षक अशोक शर्मा, प्रधान आरक्षक गुलसिंग अलावा, आरक्षक जितेंद्र कन्नोजे, आरक्षक रोहित राय आरक्षक दीपक भाटिया आरक्षक देवेंद्रसिंह डावर सैनिक लक्ष्मण चौहान, सैनिक मनोहर भूरिया 100 डायल पायलेट दीपक वर्मा,आरोपी की तलाश विवेचना की जा रही है। प्रकरण दर्ज कर लिया है, आरोपियों की तलाश जारी है, जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे, क्षेत्र में अवैध गतिविधियां नहीं चलने दी जाएगी

मुखबिर की सूचना के बाद मौके पर वहां से शराब जप्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है, आरोपी की तलाश की जा रही है, राम सिंह राठौड़ थाना प्रभारी मांडू

# एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा गगन

## हिन्दू नववर्ष प्रतिप्रदा पर सर्व हिन्दू समाज ने निकाली विशाल प्रभातफेरी





विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के उदघोष से पूरा गगन उस गुंजायमान हो गया जब नगर के मुख्य मार्गो पर नगर की धर्मप्रेमी जनता ने विशाल प्रभात फेरी निकाली

**सर्व हिन्दू समाज ने निकाली प्रभातफेरी :** इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा का शुभारंभ 30 मार्च रविवार को हे । इस शुभ अवसर पर समस्त हिन्दू समाज पेटलावद के द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष गुडी पड़वा पर विशाल प्रभातफेरीका आयोजन किया गया।

**सूर्य नमस्कार कर नववर्ष का स्वागत :** उक्त प्रभातफेरी का शुभारम्भ सुबह 06 बजे स्थानीय शंकर मन्दिर प्रांगड़ से हुआ । जो धर्म पताका लहराते हुए भजनों को गाते हुए नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। जिसका आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया उक्त प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में नगर की धर्मप्रेमी जनता शामिल हुई। अंत मे सबने सूर्यदेव को अर्ध्य देकर सूर्य



नमस्कार किया ।नववर्ष का इतना सुंदर और भव्य शुरुआत ओर शुभारंभ होने से आज हर नगरवासि खुद को हर्षित महसूस कर रहा था।

### कैबिनेट मंत्री चौहान की विशेष उपस्थिति में हुए विक्रमोत्सव के अंतर्गत विभिन्न आयोजन

# जनजागरण से ही सांस्कृतिक पुनरुत्थान संभव : कैबिनेट मंत्री चौहान

विनय उजाला







**अलीराजपुर, निप्र।** कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान एवं कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर की विशेष उपस्थिति में कॉलेज सभागार में नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री चौहान एवं कलेक्टर डॉ बेडेकर ने सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में सूर्य देव की उपासना करते हुए अर्घ्य समर्पित किया 1 इसके पश्चात प्रगति एवं गतिशीलता के प्रतिक के रूप में ब्रह्म ध्वज की स्थापना की । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने बताया कि विक्रमोत्सव के आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी के अंदर वैदिक काल गणना के विषय में जिज्ञासा जागृत करना है । कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने बताया कि आज का दिन सृष्टि प्रारंभ एवं विक्रम संवत के प्रारंभ होने का दिवस है , आज से काल गणना के अनुसार हम लोग 2082 वे वर्ष में प्रवेश कर रहे है । उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय संस्कृति में नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है । देश में गुड़ी पड़वा , चैती चांद उगादी जैसे नामों से इस दिन को मनाया जाता है ।

कैबिनेट मंत्री चौहान ने उपस्थित जनों को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं बताया कि यह मध्यप्रदेश शासन की अच्छी पहल है कि भारतीय नव वर्ष को इतने बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है । विक्रमोत्सव के माध्यम से इतिहास की जो जानकारी हमें नहीं प्राप्त थी वह भी पहुंचाई जा रही है । हमारी संस्कृति में काल गणना प्राचीन समय से की जा रही है । इसके विषय में जानकारी का अभाव रहता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जो जानकारी आप लोगों को प्राप्त हुई है वह जन जन तक पहुंचाए ,उसी के माध्यम से सांस्कृतिक पुर्नउत्थान संभव होगा । उन्होंने इस दौरान वैदिक इतिहास की जानकारी से परिपूर्ण पुस्तक का भी विमोचन किया ।

उन्होंने कहा कि इस पुस्तिका में उज्जैन के राजा विक्रमादित्य द्वारा वैदिक काल गणना , वैदिक घड़ी , अदि के विषय में विस्तृत जानकारी है । इसके पश्चात मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के श्री शैलेन्द्र मण्डोड एवं आयशा चौहान के नाट्य दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य का मंचन किया जिसमें राजा विक्रमादित्य के जीवन के विषय में , विक्रम संवत की अवधारणा एवं शक साम्राज्य पर मालवा नरेश विक्रम सेन की विजय का सजीव मंचन किया गया ।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर , अनुविभागीय अधिकारी श्री एसआर यादव , सीजी गोस्वामी , डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे , प्रभारी सहायक आयुक्त संजय परवाल ,जिला शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह सोलंकी , समेत होस्टल अधिक्षक एवं अधिक्षिकाएं एवं संबंधित विभाग कर्मचारी उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### आकृति श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि



**भोपाल (विनय उजाला)।** रिसर्च स्कॉलर आकृति श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें पीएचडी की उपाधि देवी अहिल्या विश्विद्यालय इंदौर द्वारा ए कम्प्रेटिव स्टडी ऑन सिल्क प्रोड्यूस्ड बाई डिफरेंट स्पीसीसऑफ स्पाइडर्स विषय पर उनके शोध कार्य के लिए प्रदान की गई है। शोध कार्य के दौरान आकृति के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र भी प्रकाशित हुए हैं। नेशनल सेंटर ऑफ बायो टेक्नोलॉजी इनफॉरमेशन में शोध संबंधित स्पाइडर प्रजातियों के सीक्वेंस (पेटेंट) भी प्रकाशित हो चुके हैं। आकृति श्रीवास्तव ने अपना शोध कार्य होल्कर साइंस कॉलेज इंदौर के प्रो.(डॉ.) विपुल कीर्ति शर्मा के निर्देशन में किया है। आकृति श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर श्री आर.पी. श्रीवास्तव एवं शासकीय उमावि की सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. इंदिरा श्रीवास्तव सहित अन्य शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पचमठा धाम में पूजा-अर्चना की

**भोपाल, निप्र।** विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिन उल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विक्रम नववर्ष पर पचमठा धाम में आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित शिव मंदिर में पूजन-अर्चन कर भगवान आशुतोष का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शुक्ल सूर्य उपासना कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्म व अध्यात्म हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मां भगवती की आराधना के नौ दिन हमें सही दिशा में काम करने की ताकत देते हैं। मां की कृपा सभी पर रहे और हम सब जन कल्याण के लिए तत्पर रहें। उन्होंने राम दरबार को मां बीहर के तट पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि राम दरबार के सदस्य नई चेतना के उदय का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी सहित राम दरबार के सदस्य उपस्थित रहे।

### मिशन लाइफ के लिये ईको क्लब का गठन

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में स्कूलों में विद्यार्थियों को पर्यावरण संबंधी गतिविधियों, जलवायु परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों में ईको क्लब गठित किए जाने का निर्देश दिए हैं। इसके लिए समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। पत्र में निर्देश दिए गए है कि मिशन लाइफ के लिए स्कूलों में ईको क्लब का गठन किया जाए। पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित आयोजन किए जाएं। इन आयोजनों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। मिशन लाइफ के अंतर्गत एनसीईआरटी द्वारा एनआईसीटीई के साथ प्रौद्योगिकी पार्टनर के रूप में एक पोर्टल बनाया गया है। पोर्टल में ईको क्लब की सहायता के लिए मैन्यूअल और डेमो वीडियो तैयार किए गए है। जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र की शालाओं में मिशन लाईफ पोर्टल के उपयोग करने के लिए कहा गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश की शालाओं में प्रदूषण के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिये कहा है। अभियान में रबी की फसल के बाद पराली जलाने से पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं कृषि उत्पादन पर विपरित प्रभाव पड़ने की जानकारी विद्यार्थियों को देने के लिए कहा गया है।

### कायस्थम द्वारा सम्मानित श्री किरण कुमार खरे बने मंडलेश्वर किरणानंद



**भोपाल, निप्र।** समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान के लिए कायस्थम द्वारा सम्मानित दमोह निवासी श्री किरण कुमार खरे को पिछले दिनों प्रयागराज में हुए महाकुंभ में चित्रगुप्त अखाड़ा चित्रगुप्त पीठ संत महासभा ने मंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की है। श्री किरण कुमार खरे अब मंडलेश्वर किरणानंद कहलाएंगे। चित्रगुप्त अखाड़ा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज व अखाड़ा के महामंत्री चित्रगुप्त पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज के साथ देश-विदेश से आए संत- महात्मा, व श्रद्धालुओं ने मेला परिषद सेक्टर 5 में चित्रगुप्त अखाड़ा के शिविर में अपनी धर्मध्वजा लेकर पदयात्रा की थी और संगम में अमृत स्नान कर पटाभिषेक का आयोजन किया था। जिसमें भारत के विभिन्न प्रांतो से आए संत समाज ने चित्रगुप्त अखाड़े की सदस्यता ग्रहण की थी। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव एवं महासचिव अभय श्रीवास्तव ने हाल में मंडलेश्वर किरणानंद से भेंट कर उन्हें शुभकामना देते हुए आशा व्यक्त की थी कि वे मध्य प्रदेश में भी चित्रगुप्त अखाड़े की ध्वजा को ऊंचाई प्रदान की।


### सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की सीख उत्कृष्ट कार्य करने के लिए करती है प्रेरित : डीजीपी मकवाणा

### पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा बतौर मुख्य अतिथि रहे उपस्थित

विनय उजाला





**भोपाल, निप्र।** मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा शनिवार 29 मार्च को 22वें विशिष्ट सदस्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहांगीराबाद स्थित पुलिस परिवहन शोध संस्थान (पीटीआरआई) में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों और मेधावी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीजीपी श्री कैलाश मकवाणा ने अपने संबोधन में अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया और कहा कि जब मैं अपने करियर की शुरुआत को देखता हूं, तो मुझे हमारे केडर के लीजेंड कहे जाने वाले वरिष्ठ अधिकारियों की याद आती है। श्री मालवीय साहब जैसे अधिकारियों से हमें हमेशा प्रेरणा मिलती रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस सेवा के दौरान उन्हें कई प्रतिष्ठित अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिनमें श्री अरुण गुर्टू, श्री नरेंद्र प्रसाद, श्री पी.एल. पांडे, श्री एम.आर. ज्योतिष चंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की सीख हर पुलिस अधिकारी और कर्मचारी को सदैव उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। इनके उदार कृतित्व व मार्गदर्शन के कारण हम उन्हें प्रणम्य मानते हैं और उनके प्रति आदर भाव रखते हैं। मप्र पुलिस का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है।

इसमें हमारे सेवानिवृत्त अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। डीजीपी श्री मकवाणा ने अपने प्रशिक्षण और फील्ड कार्यकाल का स्मरण करते हुए कहा कि श्री सुरेंद्र सिंह साहब मेरे पहले एसपी थे, जिनके अधीन मैंने पुलिसिंग के शुरुआती गुर सीखे। पुलिस मुख्यालय में पहली द्वुत पोस्टिंग के दौरान श्री जी.पी. दुबे सर से प्रशासनिक कार्यों की बारीकियां सीखीं।

इस अवसर पर पूर्व डीजीपी श्री मालवीय साहब, श्री जेपी दुबे साहब, श्री रघुवंशी साहब, श्री सोनी साहब, मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री गणेश प्रसाद दुबे, सचिव श्री नरेंद्र सक्सेना, श्री विनीत कपूर सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**इन विशिष्ट सदस्यों को किया गया सम्मानित :** कार्यक्रम में डीजीपी श्री मकवाणा द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के श्री उपेंद्र वर्मा और राज्य पुलिस सेवा के श्री आर सी छारी, श्री आर बी शर्मा, श्री ए के श्रीवास्तव, श्री ए एस बिसेन, श्री महबूब खान सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

**मेधावी विद्यार्थियों को भी किया पुरस्कृत :** कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक ने मध्यप्रदेश पुलिस सर्विस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के विभिन्न जिलों में पदस्थ पुलिस कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 10-10 हज़ार रुपए और प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। इन बच्चों ने इस साल 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विशेष योग्यता प्राप्त की है या प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। यह पुरस्कार 1961 बैच के आईपीएस स्वर्गीय सुरेन्द्रनाथ चतुर्वेदी की स्मृति में उनकी पत्नी सुबोध चतुर्वेदी द्वारा दिया जाता है। पुरस्कृत विद्यार्थियों में पलक यादव, नित्या श्रीवास्तव, जयंत पांडे, शुभी शुक्ला और उन्नति शर्मा शामिल हैं।

इसके अलावा इस समारोह में रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी श्री आर सी पवार की किताब अपराध अनुसंधान और एसोसिएशन की वार्षिक पत्रिका सात्विक का विमोचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

#### सेवानिवृत्त अधिकारियों के अनुभव का किया जाएगा उपयोग

डीजीपी डीजीपी श्री कैलाश मकवाणा ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारी आज भी टीम भावना के साथ समाज सेवा कर रहे हैं। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन भी समाज में पुलिस की अच्छी छवि निर्मित करने में सहयोग देने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के प्रशिक्षण में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के अनुभव का उपयोग किया जाएगा।

## भविष्य के लिए जल संरक्षण आवश्यक है : इंजीनियर नायक

### अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के उपलक्ष्य में एमसीबीयू में हुआ सार्थक व्याख्यान

विनय उजाला



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर की कुलगुरु प्रोफेसर शुभा तिवारी के संरक्षण, कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल के निर्देशन एवं भूगर्भ शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.पी.के. जैन के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस पर शनिवार 29 मार्च को अतिथि व्याख्यान का आयोजन, सरस्वती हॉल में किया गया।

मीडिया समिति सदस्य श्रीमती निकिता यादव के मुताबिक इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन वंदन एवं माल्यार्पण किया गया। व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर आर. एस. नायक सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. अर्चना जैन, संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय उपस्थित रही। प्रो. जैन ने इंजीनियर नायक का संक्षिप्त में परिचय देते हुए बतलाया कि इंजीनियर नायक जल संसाधन में आई. आई .टी रुड़की से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने वाले बुंदेलखंड में प्रथम व्यक्ति रहे है।

श्री नायक ने अपने उद्बोधन में बतलाया कि जल की मांग बहुत बढ़ रही हैं तथा जल का प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही हैं। जल एक मात्र ऐसा प्राकृतिक संसाधन हैं जिसकी पूर्ति प्रकृति द्वारा हर एक वर्ष पूर्ण कर दी जाती हैं। इंजीनियर नायक ने इसी के साथ बतलाया कि भूजल का अध्ययन भूगर्भशास्त्र के अंतर्गत आता हैं। जिसका अध्ययन सिविल इंजीनियर को भी करना होता हैं। भूजल ताजे पानी का सोर्स है प्रति व्यक्ति जल की मांग बढ़ रही है तथा ताजे जल का प्रतिशत लगातार घटता जा रहा है जिसके लिए जल संरक्षण बहुत ही आवश्यक हैं।

जल का उपयोग सीमित एवं बुद्धिमत्ता से करना चाहिए। इस व्याख्यान मे एम एस सी द्वितीय तथा एम एस सी चतुर्थ सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी, रिसर्च स्कॉलर तथा विभाग के अतिथि विद्वान उपस्थित रहे। व्याख्यान के अंत में अतिथि विद्वान आशी जैन के द्वारा आभार ज्ञापित किया गया तथा मुमताज जहां मंसूरी ने मंच संचालन किया।

## शासकीय प्राथमिक शाला झुम्मरखाली में एफ एल एन मेले का भव्य आयोजन



विनय उजाला

**झुम्मरखाली।** शासकीय प्राथमिक शाला झुम्मरखाली विकास खंड हरसूद जिला खंडवा में आज एफ एल एन मेले का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक, भाषा विकास और गणितीय कौशल को प्रोत्साहित करना था, जिससे उनकी प्रारंभिक शिक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सके।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न शैक्षिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें गणित की पूर्व तैयारी, भाषा विकास, शारीरिक गतिविधियाँ और बच्चों का कोना जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया और अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन में मातृशक्ति की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। बड़ी संख्या में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ाया बल्कि उनकी प्रतिभा को और निखारने में सहयोग किया।

शिक्षिका नीतू ठाकुर ने कहा, एफ एल एन मेला बच्चों के बुनियादी कौशल को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के आयोजन न केवल शिक्षा को रोचक बनाते हैं, बल्कि बच्चों की सीखने की क्षमता को भी बढ़ाते हैं।

मेले के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। शिक्षिका नीतू ठाकुर व श्रीमती प्रधान पाठिका चंद्रमणि उईके ने सभी को धन्यवाद दिया इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नीतू ठाकुर सभी का आभार माना।

## युवा पीढ़ी को विक्रमोत्सव मनाए जाने की जानकारी पहुंचानी होगी : मंत्री सिंह

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय के देव नरसिंह मंदिर परिसर नरसिंहपुर में विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर ब्रह्मध्वज वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन की प्रस्तुति श्री प्रवीण नामदेव के निर्देशन में दी गई। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने नव संवत्सर, विक्रम संवत-2082 और चैत्र नवरात्र की शुभकामनायें देते हुए कहा कि देश व प्रदेश में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज सही मायने में गौरव व उत्सव का दिन है।

आज का युग परिवर्तन का युग है। हमारी संस्कृति विश्व की श्रेष्ठ संस्कृतियों में से एक है। आज इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सहभागिता कर रहे हैं। मंत्री सिंह ने कहा कि भारत के विश्व गुरू बनने की संकल्पना साकार होने वाली है।

आदि शंकराचार्य से लेकर हमारे धर्मगुरू इसे स्थापित करने में जुटे हैं। आज पूरे प्रदेश में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत को प्रदेश में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। मंत्री सिंह ने कहा कि पूर्वजों को स्मरण व श्रद्धासुमन अर्पित करने का अवसर है।

### हेडगेवार की जयंती पर किया नमन

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां भारती की सेवा के लिए संकल्पित राष्ट्र सेवकों के संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक, श्रद्धेय केशव बलिराम हेडगेवार जी की जयंती पर शत-शत नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्र चिंतक, मातृभूमि के गौरव स्व. हेडगेवार का अनुशासित जीवन कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को प्रेरित करता रहेगा। श्रद्धेय हेडगेवार जी के विचार, चिंतन और राष्ट्र सेवा के उनके संस्कार हमारे लिए जीवन पर्यंत मार्गदर्शक बने रहेंगे।

## सरकार कृषि उपभोक्ताओं के बिजली बिलों का 93 प्रतिशत सब्सिडी के रूप में वहन करेगी : ऊर्जा मंत्री

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। नियामक आयोग द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी विद्युत दरों के अनुसार क्रमशः 3 हॉर्स पॉवर, 5 हॉर्स पॉवर एवं 10 हॉर्स पावर के पंप पर कृषि उपभोक्ताओं को पूरे वर्ष में 30,730 रुपए, 54,671 रुपए एवं 1,15,655 रुपए का देयक बनता है।**

इसमें राज्य शासन द्वारा कृषि पंपो पर की गई सब्सिडी की घोषणा अनुसार किसानों को मात्र 750 रुपए प्रति हॉर्स पॉवर प्रति वर्ष अर्थात किसानों को 3 हार्स पॉवर पंप पर 2250 रुपए, 5 हार्स पॉवर के पंप पर 3750 रुपए एवं 10 हार्स पॉवर के पंप पर 7500 रुपए का ही भुगतान करना होगा।

### 37 लाख कृषि उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

तोमर ने बताया कि सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी दरों पर सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इसके अनुसार उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली राशि (रु. 750 प्रति हॉर्स पॉवर) एवं आयोग द्वारा जारी दरों का अंतर सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उपरोक्तानुसार सब्सिडी देने पर शासन प्रत्येक 3 हॉर्स पावर पम्प के लिए कुल राशि 28,480 रुपए, 5 हॉर्स पावर पम्प के लिए कुल राशि 50,921 रुपए और 10 हॉर्स पॉवर पम्प के लिए कुल राशि 1,08,155 रुपए का भुगतान सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। इस घोषणा से कृषि उपभोक्ताओं को नियामक आयोग द्वारा जारी दरों की मात्र लगभग 7 प्रतिशत राशि ही जमा करनी होगी। शेष 93 प्रतिशत राशि सरकार सब्सिडी के रूप में वहन करेगी। प्रदेश में लगभग 37 लाख कृषि उपभोक्ता हैं जो सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को मिल रहा अटल गृह ज्योति योजना का लाभ

राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के अलावा 150 यूनिट प्रति माह तक मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट पर मात्र 100 रुपए का ही भुगतान करना होता है जबकि 100 यूनिट खपत पर शहर के प्रत्येक घरेलू उपभोक्ताओं के लिये सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 566 रुपए का भुगतान करेगी। इस प्रकार के घरेलू उपभोक्ता जिनको सरकार सब्सिडी प्रदान कर रही है, उनकी संख्या पूरे प्रदेश में लगभग एक करोड़ 7 लाख है।

इस प्रकार विगत वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा लगभग 23,695 करोड़ रुपए एवं पूर्व के वर्ष के 3067 करोड़ रुपए मिलाकर कुल 26,762 रुपए सब्सिडी के रूप में वहन किए गए हैं। इसी तरह सरकार द्वारा अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भी लगभग इतनी ही राशि बतौर सब्सिडी वहन की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने चेटी चंड पर्व पर भगवान झूलेलाल जयंती और नववर्ष की दी मंगलकामनाएं

## भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थानों को तीर्थस्थल के रूप में किया जा रहा विकसित

विनय उजाला





**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन के टावर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों एवं विशेष रूप से सिंधी समाज के सभी भाई और बहनों को चेटी चंड महापर्व की मंगलकामनाएं दी।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि चेटी चंड सिंधी समुदाय का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। वे जल देवता के रूप में पूजे जाते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध अभिनेता श्री गोविंदा भी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चेटी चंड का यह पावन पर्व भगवान झूलेलाल की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए। उज्जैन नगरी भगवान श्रीमहाकाल और श्रीकृष्ण की नगरी है, यह कला की नगरी, उत्कर्ष की नगरी है, आध्यात्म का केंद्र है, सम्राट विक्रमादित्य की नगरी में विक्रमोत्सव के अवसर पर सभी को चेटी चंड पर्व और चैत्र प्रतिपदा की मंगलकामनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अवसर हमें प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता के मूल्य सिखाता है। भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद देश-प्रदेश पर बना रहे और हमारा प्रदेश विकास, भाईचारे और खुशहाली की नई ऊंचाइयों को छुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पशुपालक कृषक भाइयों के लिए दूध उत्पादन में वृद्धि करने पर बोनस प्रदान कर रहे है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े स्थानों को तीर्थ के रूप में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास अंतर्गत विकसित कर रहे है। सांसद अनिल फिरोजिया ने चैत्र प्रतिपदा नववर्ष और चेटी चंड पर्व की मंगलकामनाएं दी। अभिनेता गोविंदा ने कहा कि भगवान बाबा श्रीमहाकाल और भगवान झूलेलाल सभी के जीवन में सुख शांति और समृद्धि देकर सबका कष्ट हरे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विकास और अध्यात्म को साथ लेकर कार्य करने के लिए मंगलकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में ध्वजा फहराकर ने चेटी चंड पर्व पर आयोजित सामाजिक रैली की शुरुआत की।

कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर जनप्रतिनिधि संजय अग्रवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, संतोष लालवानी, महेश परियानी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## अमित शाह का संकल्प

केंद्र की वर्तमान सरकार का नक्सलमुक्त भारत अभियान अपनी गति पर है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग अभियानों में 30 नक्सली मारे गए ।गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 के इन तीन महीनों में 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 204 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। 2024 में 290 नक्सलियों को मार गिराया गया था। 2004 से 2014 के दौरान नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं। अब मोदी सरकारा के कार्यकाल में 2014-24 के बीच नक्सली हिंसा की संख्या 53 फीसद घटकर 7,444 रह गई है ।इन आंकड़ों को देखकर लगता है कि गृह मंत्री अमित शाह 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का अपना संकल्प पूरा कर लेंगे। नक्सलवादी आंदोलन की भीतरी स्थिति क्या है, यह मालूम करने के स्रोत सूख गए हैं। अब जिस तरह का माहौल बन गया है, या सरकार ने बना दिया है, उसमें अब कोई भी न तो नक्सलवादियों की जमीनी हकीकत को सामने लाने की स्थिति में है और न उनके विचारधारात्मक पक्ष की वकालत करने की स्थिति में है ।सरकार प्राय- जिस अर्बन नक्सलवाद शब्द का प्रयोग करती है और जिन-जिन बौद्धिक या वैचारिक समूहों पर शहरी नक्सलवादी होने का आरोप लगाती है, वे भी वस्तुत- सरकार विरोधी हैं, नक्सलवाद समर्थक कम। यह इस दौर का ठोस यथार्थ है कि नक्सलवाद की जमीन अब खत्म हो गई है। मुख्य धारा का कोई भी राजनीतिक दल या क्षेत्रीय दल दलितों-आदिवासियों के शोषण को अपनी राजनीति के केंद्र में नहीं रखता ।नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समूह न केवल बढ़-चढ़ कर चुनावी प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं, बल्कि नक्सलवाद को अपने लिए अवरोधक मानकर उसके प्रति तिरस्कार का रुख अपना रहे हैं। इन परिस्थितियों में नक्सलवादियों के लिए शायद यही श्रेष्ठ विकल्प है कि वे अपनी रणनीति बदलें और हथियार छोड़कर देश भर में व्याप्त शोषण और अन्याय के विरुद्ध वैचारिक विमर्श की रणनीति अपनाएं। इससे हो सकता है कि मौजूदा राजनीति को शोषण को समझने और उससे निपटने के लिए एक अधिक प्रभावी दृष्टि उपलब्ध हो।

## नववर्ष प्रार्थना

मां आदिशक्ति भगवती, नव वर्ष में दे गति-मति... !!!
सदैव निरोगी काया दे, सत्मार्ग सुकर्मी माया दे।
धन-धान्य के भंडार दे, सद्बुद्धि के नवाचार दे।।
मां आदिशक्ति भगवती... !!!
हृदय में ज्ञान ज्योति दे, प्रवृत्ति में स्नेह मोती दे।
शौर्य साहस वरदान दे, जग में मान-सम्मान दे।।
मां आदिशक्ति भगवती... !!!
दान करें ऐसी समृद्धि दे, यश-कीर्ति-गुण संपत्ति दे।
वंशवृद्धि, गुणी विवेकी दे, अनुगत निपूर्ण संतति दे।।
मां आदिशक्ति भगवती... !!!
सकल पीड़ा दूर कर दे, आस विश्वास से भर दे।
कुंटुब में प्रेम के सेतु दे, अर्थ स्व, परहित हेतु दे।।
मां आदिशक्ति भगवती... !!!
शांति, सौहार्द, शक्ति दे, नित ध्यान हेतु भक्ति दे।
सर्वहितार्थ की युक्ति दे, सत्गति, मोक्ष, मुक्ति दे।।
मां आदिशक्ति भगवती... !!!



विनय उजाला
**सपना सी.पी. साहू**
**( स्वप्निल )**
**इंदौर ( म.प्र. )**

## मनका भोले नाम का



आओ भोले पास में बैठें,
मिलकर थोड़ा-सा बतियालें,
इधर-उधर की छोड़ दें चिंता,
बस मन भर कर मुस्कालें।
आओ भोले पास .....
इसका लेना उसका देना,
यहीं धरा रह जाएगा,
भोले से जीवन का सारा,
सार समझ में आएगा।
आओ भोले पास ......
भोले अपने मन की कह कर,
मन मेरा बहलाते हैं,
भावों में बह जाते हैं हम,
अश्रु चरण गिर जाते हैं।
आओ भोले पास .....
कांधे पर थपकी दे देकर,
कसर पूरी करते भोले,
जीवन की हर मृगतृष्णा को,
खुद हर जाते हैं भोले।
आओ भोले पास ....
तन-मन में जो बंधा हुआ है,
मनका भोले नाम का,
एक-एक मोती शिव मूरत-सा,
दिखता भोलेराम का।
आओ भोले पास ....
(207/260 वां मनका)



विनय उजाला
**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी ( राम )**
**गांधीनगर, इन्दौर ( म.प्र. )**

भारत ने लिया 25 साल पुराना बदला विशेष सम-सामयिक

# अदालतों में कब बंद होगा नारी विरोध ?

नौशाबा परवीन



विनय उजाला



भारत कासगंज (उत्तर प्रदेश) से लगभग 60 किमी के फासले पर 200 परिवारों का एक छोटा सा गांव है, जिसमें अधिकतर गरीब श्रमिक व गरीब किसान रहते हैं, जिनके पास 1 बीघा से भी कम कृषि भूमि है। इस गांव में आजकल उस 'छोटी बच्ची' को हर कोई जानता है, जो इन दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के केंद्र में है। घटना 10 नवम्बर 2021 की है। यह 11-वर्ष की बच्ची अपनी मां के साथ पैदल गांव लौट रही थी कि रास्ते में दो युवक- 25-वर्षीय पवन कुमार व 30-वर्षीय आकाश सिंह उन्हें मिले, जिन्हें मां-बेटी जानती थीं। युवकों ने अपनी बाइक पर इन्हें लिफ्ट देने का ऑफर दिया। मां सहमत हो गई। कुछ दूर चलने पर युवकों ने अपनी बाइक एक पुलिया के निकट रोक दीं और उन्होंने बच्ची के निजी अंगों को दबोचा, आकाश ने बच्ची के पायजामे का नाड़ा तोड़ा। बच्ची को पुलिया के नीचे घसीटने का प्रयास किया गया। बच्ची चीखी, जिसने रास्ते पर चलते लोगों का ध्यान आकर्षित किया। वह मदद के लिए पहुंचे तो युवक वहां से भाग खड़े हुए। शिकायत लेकर जब मां पवन के घर पहुंची तो उसे गालियां दी गईं और बंदूक दिखाकर धमकाया गया। पुलिस ने अनेक बार एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया।

मजबूरन मां ने जनवरी 2022 में पोक्सो कोर्ट में दस्तक दी। इसके बाद ही औपचारिक रूप से शिकायत स्वीकार की गई। आरोपी आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत बुक किये गये। इसके विरुद्ध आरोपियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की जहां न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्रा ने विवादित व चिंताजनक टिप्पणी की कि बच्ची के निजी अंगों से छेड़खानी करना, उसके पायजामे का नाड़ा जबरन तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे घसीटना न तो बलात्कार है और न ही बलात्कार का प्रयास। न्यायाधीश ने आरोपियों पर लगी सख्त धाराओं को कम करते हुए उन्हें यौन हमले की धाराओं में बदल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मार्च 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय को 'पूर्णतरू अमानवीय व असंवेदनशील' घोषित करते हुए उस पर रोक लगा दी। इन फ़ैसलों से 'छोटी बच्ची' के परिवार की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया है, जिसने इस क़ानूनी संघर्ष के लिए निजी ऋणदाताओं से मोटे ब्याज पर 2.5 लाख रुपया उधार लिया था और अब उसके पास इसे वापस करने का कोई रास्ता नहीं है? इसी सोच में बच्ची के 70-वर्षीय दादा अपनी चार फीट ऊंची झोंपड़ी, जिस पर ज़ंग खाती एस्बेस्टस की छत है जो गर्मी को अंदर ही रोक देती है, के बाहर उदास बैठे रहते हैं।

उनका कहना है, मैं पूरी तरह से समझ नहीं पाया हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा है। लेकिन मुझे हाईकोर्ट ने जो कहा वह बताया गया था। अगर हमारी लड़कियों की सुरक्षा अदालतें नहीं करेंगी तो फिर कौन करेगा? वह इंसाफ के लिए इस सीमा तक भी न पहुंच पाते अगर स्थानीय समाजसेवी सरोज चौहान ने मदद न की होती । चौहान के अनुसार, पांच गांवों की इस पॉकेट में यादव अल्पमत में हैं और उन्हें अक्सर दबाया जाता है। बच्ची के पैरेंट्स व भाई इस केस के सिलसिले में दिल्ली में हैं । बच्ची को गांव से दूर किसी 'सुरक्षित' स्थान पर भेज दिया गया है। क्यों? चूंकि आरोपी प्रभावी परिवारों से संबंधित हैं और उनके पास बंदूकें हैं। बच्ची के परिवार को बंदूकों के बल पर केस वापस लेने के लिए धमकाया जा रहा है, ऐसा बच्ची के चाचा का कहना है । उनके अनुसार, गांव में गरीब परिवारों के लिए दबंगों के सामने खड़ा होना खतरे से खाली नहीं है- न्याय के लिए प्रयास करना कानूनी संघर्ष करने से भी अधिक कठिन है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंताजनक टिप्पणी अचानक नहीं की थी बल्कि चार माह की सुनवायी के बाद सोच समझकर और जानबूझकर की थी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को यह 'अति गंभीर मुद्दा' लगा और उसने न्यायाधीश मिश्रा के विरुद्ध 'सख्त शब्दों' के प्रयोग पर 'खेद' भी व्यक्त किया।

यह स्वागतयोग्य है कि बलात्कार प्रयास के इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने परेशान करने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी, लेकिन इस क़िस्म के आदेश दुखद रूप से कुछ ज़यादा ही दिये जा रहे हैं। अगर इस क़िस्म का आदेश 688 ज़िला अदालतों में से भी कोई एक देती तो भी वह परेशान करने वाला होता, लेकिन यह तो हाईकोर्ट में हुआ, जिनकी संख्या केवल 25 है और जो रैंक में सिर्फ़ सुप्रीम कोर्ट से नीचे हैं। इसलिए निराशा होनी स्वाभाविक है कि हमारे देश में महिलाओं के विरुद्ध न्याय का पलड़ा कितना अधिक झुका हुआ है। अगर बच्ची के निजी अंगों को दबाना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना और पुलिया के नीचे घसीटना बलात्कार का प्रयास नहीं है तो फिर क्या है? जो लोग कभी गांवों में नहीं रहे वह 'पुलिया के नीचे घसीटने' के मर्म को समझ ही नहीं सकते। गांव की पुलिया के नीचे हज़ारों दिल दहलाने वाली दास्तानें दफन रहती हैं, उन्हें अगर सामने लाया जायेगा तो डर के मारे कई रातों की नींद उड़ जायेगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तो परेशान करने वाला एक क़ानूनी फिक्शन भी तहरीर कर दिया जो भविष्य में बलात्कार के दोषियों को सज़ा दिलाना अधिक कठिन कर देगा, यह घोषणा करके कि 'अपराध करने की तैयारी और वास्तव में अपराध करने के बीच मुख्य अंतर इरादे की अधिक डिग्री का है।' यह बीजान्टिन सिद्धांत तो बचाव पक्ष के लिए मन्ना (आसमान से भेजा गया खा। पदार्थ) होता। शुक्र है कि हाईकोर्ट के इस आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए रोक लगा दी कि इसमें 'कुछ से तो कानून के सिद्धांत पूर्णतः अपरिचित हैं' और यह 'पूर्णतरू असंवेदनशीलता और अमानवीय दृष्टिकोण' व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के लिए यह बात नई न थी। मसलन, 2021 में उसने न्यायिक आदेशों व फैसलों में 'घुसी पितृसत्तात्मकता व नारी द्वेष दृष्टिकोण' के विशाल कैनवस के विरुद्ध एक चेकलिस्ट जारी की थी। हालांकि संवैधानिक अदालतों के कट्टरवादी फैसले सुर्खियां बन जाते हैं लेकिन निचली अदालतों में तो इनकी स्थिति संख्या व गुणवत्ता की दृष्टि से बद से भी बदतर है। कितनी ही अदालती कार्यवाहियों में हम देख चुके हैं कि बलात्कार के मामलों में विवाह को 'न्याय व समाधान' के तौरपर ऑफर किया जाता है। जिरह के दौरान महिला के यौन इतिहास को भद्दे अंदाज़ में उछाला जाता है। इस बात को पूर्णतरू अनदेखा कर दिया जाता है कि मुद्दा बलात्कार का है न कि महिला के अतीत का। एक वेश्या को भी यह अधिकार प्राप्त है कि उसके साथ उसकी मर्ज़ी के खिलाफ जबरदस्ती नहीं की जा सकती। फिर अदालत में जिस तरह से पीड़िता से भद्दे, अश्लील व अनावश्यक प्रश्न मालूम किये जाते हैं (हाथ कहां था, टांगें कितनी खुली थीं ...) तो ऐसा प्रतीत होता है कि बलात्कार के बाद वह दोबारा उसी यातना से गुज़र रही है। पीड़िता की अपनी गवाही को प्रचलित धारणाओं से मापा जाता है कि वह अपनी 'शर्म' को कैसे प्रोसेस करेगी। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट को इलाहाबाद हाईकोर्ट को इतनी बुनियादी बात याद दिलानी पड़ी थी कि पीड़िता (या उसके पेरेंट्स/अभिभावक) की बात सुने बिना बलात्कार के आरोपी को ज़मानत नहीं दी जा सकती। दरअसल, जो भी 'लैंगिक भेदभाव' को दूर करने के लिए प्रयास किये गये हैं वह स्पष्टता अपर्याप्त रहे हैं। हाँ, न्यायाधीश भी समाज का ही हिस्सा हैं, लेकिन इस आधार पर उनके खिलाफ अन्याय और वीभत्स टिप्पणीयां तो नहीं की जा सकतीं।

**( लेखिका सम-सामयिक विषयों की टिप्पणीकार हैं )**

# सेहत ही नहीं संपन्नता भी देता है नाशपाती का पेड़

वीना गौतम

स्वास्थ्य के प्रति लोगों में बढ़ी सजगता के कारण,हाल के सालों में फाइबर की प्रचुर मात्रा वाले फल नाशपाती की बाजार में मांग बढ़ गई है, यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश,जम्मू-कश्मीर,उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में नाशपाती की अच्छीखासी खेती होने लगी है। सेहत के लिए नाशपाती फल इसलिए शानदार है क्योंकि इसमें यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भरपूर फाइबर होता है। यह वजन को नियंत्रित करता है, इसमें प्राकृतिक शर्करा और फाइबर की मौजूदगी होने के कारण, इससे रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जो मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक है। साथ ही यह हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मददगार होने के साथ साथ शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करता है। स्वास्थ्य संबंधी अपनी इन खूबियों के कारण आजकल नाशपाती की बाजार में काफी मांग है। आमतौर पर यह 60 से 100 रूपये प्रतिकिलो तक आसानी से बिक जाती है। यही वजह है कि हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में किसान हाल के सालों में नाशपाती के पेड़ खूब लगा रहे हैं। नाशपाती का पेड़ एक मध्यम आकार का फलदार वृक्ष है,जो शीतोष्ण जलवायु में अच्छे से फलता-फूलता है। इसकी उंचाई करीब 4 से 12 मीटर तक हो सकती है। इसका तना मजबूत और थोड़ा खुरदरा होता है, जबकि पत्तियां हरी, चमकदार और अंडाकार होती हैं। यह समशीतोष्ण और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में बेहतर ढंग से फलता-फूलता है। इसके अच्छे से विकास के लिए बेहतर जलनिकासी वाली दोमट और गहरी मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है। इसके फूल सफेद या हल्के गुलाबी रंग के होते हैं और इनका परागण मधुमक्खियों के द्वारा होता है। नाशपाती का पौधा लगभग 4-6 वर्षों में फल देने लगता है। यदि इसे ग्राफ्टिंग (कलम) तकनीक से उगाया गया हो तो, यह 3-4 वर्षों में ही फल देने लगता है। नाशपाती के पेड़ की



ज्यादातर किस्में अक्सर जून से अगस्त के बीच फल देती हैं।

### प्रमुख उत्पादक राज्य

भारत में नाशपाती की बागवानी मुख्य रूप से ठंडी और पहाड़ी क्षेत्रों में की जाती है। इसके प्रमुख उत्पादक राज्य हैं-हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, अरुणाचलप्रदेश, सिक्किम और अब इसकी ज्यादा अनुकूल और कस्टमाइज किस्में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अनेक इलाकों में लगाई गयी हैं ।भारत मं नाशपाती का उत्पादन इसके वैश्विक उत्पादन की तुलना में बहुत कम है। दुनिया भर में प्रति वर्ष लगभग 27.5 मिलियन टन नाशपाती का उत्पादन होता है, जिसमें से अकेले चीन लगभग 19.5 मिलियन टन के साथ विश्व का सबसे बड़ा नाशपाती उत्पादक देश है। भारत का योगदान इस वैश्विक उत्पादन में बहुत कम है लेकिन इस संबंध में को सटीक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। नाशपाती की बागवानी किसानों के लिए आर्थिक दृष्टि से काफी लाभदायक है। दरम्याने किस्म का एक नाशपाती का पेड़ सालभर में 20-50 किलोग्राम तक फल देता है। इसके पेड़ को कम रखरखाव की जरूरत पडती है ।अन्य फलों की तुलना में नाशपाती के फलों में कीटों और बीमारियों का खतरा कम होता है।

### किसानों की कमाई

प्रसंस्करण उद्योग में नाशपाती की काफी ज्यादा मांग हो चुकी है,इसका बड़े पैमाने में उपयोग जैम, जूस, ड्राई फ्रूट और कैंडी बनाने में होता है, जिससे किसानों को आकर्षक लाभ मिलता है। चूंकि इसे रफ और तटीय भूमि पर भी उगाया जा सकता है, इसलिए पहाड़ी और बंजर इलाकों के किसान भी इसका फायदा उठा सकते हैं। चूंकि यह जल्दी फल देने वाला, बाजार में अच्छी कीमत पाने वाला और कम मेंटेनेंस की जरूरत वाला फल है। इसलिए यदि आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके इसकी बागवानी की जाय तो किसान इससे अच्छी आय कमा सकते हैं।

### कमाई के अतिरिक्त विकल्प

जैविक नाशपाती के फलों की अच्छी मांग है। इसके लिए 100-150 प्रति किलो तक मिल जाते हैं। ऑनलाइन और डायरेक्ट मार्केटिंग करके और किसानों को फूड एग्रीगेटर ऐप्स (जैसे बिगबास्केट, अमेज़न फ्रेश) के साथ जुड़कर अधिक लाभ मिल सकता है। नाशपाती के पौधों की नर्सरी बनाकर अतिरिक्त छ2-छ5 लाख सालाना की कमाई संभव है। छोटे किसान (1 एकड़, 0.4 हेक्टेयर), 2-3 लाख प्रति वर्ष, मध्यम किसान (1 हेक्टेयर), 5-14 लाख प्रति वर्ष और बड़े किसान (5 हेक्टेयर या अधिक), 50 लाख से 1 करोड़ तक कमा सकते हैं।

**( लेखिका विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं )**

# दिलों की दूरी पाटने वाला सेतु

विनय उजाला

**उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना यानि स्क्कक्र भारतीय रेल के स्वर्णिम भविष्य का एक चमकता हुआ अध्याय है। जो देश के हर हिस्से को कश्मीर तक की अबाध यात्रा के मार्ग से जोड़ रही है। यह राष्ट्रीय परियोजना न केवल देश की इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रदर्शन है, बल्कि यह जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक चुनौतियों पर विजय का प्रतीक भी है।**




### विकास के पुल से जुड़े पहाड़ों के दिल

हिमालय की ऊंचाइयों में चल रहे प्रोजेक्ट का सबसे चमकदार मोती है चिनाब ब्रिज । जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है। यह पुल समुद्र तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है और कुतुब मीनार से पांच गुना ऊंचा। 266 किलोमीटर प्रति घंटे चलती हवा की रफ्तार को भी चिनाब ब्रिज आसानी से झेल सकता है।

96 केबल के सहारे निर्मित 725 मीटर लंबा अंजी खड्ड ब्रिज देश का पहला केबल आधारित रेल ब्रिज है। कटरा बनिहाल रेल खंड का हिस्सा ये पुल समुद्र तल से 331 मीटर ऊपर है। यह अद्भुत संरचना न केवल भारतीय रेल की उपलब्धियों की गाथा गाती है, बल्कि कश्मीर घाटी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का भी वादा करती है।

### आर्थिक विकास से राष्ट्र सुरक्षा तक का सेतु

USBRL न केवल भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी मील का पत्थर साबित होगी।

**आर्थिक विकास :** रेल लिंक से कश्मीर घाटी में व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी, जिससे कृषि उत्पादों, शिल्प और स्थानीय उद्योगों को बड़े बाजारों तक पहुंच मिलेगी।

**पर्यटन को बढ़ावा :** इस रेल लिंक के जरिए कश्मीर में पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी। पर्यटकों के लिए घाटी तक पहुंचना आसान और किफायती होगा।

**रोजगार के अवसर :** परियोजना के निर्माण के दौरान हजारों लोगों को रोजगार मिला और इसके संचालन के बाद भी कई स्थानीय निवासियों को रोजगार मिलेगा।

**पुख्ता राष्ट्र सुरक्षा :** रेल लिंक से न केवल सेना की त्वरित आवाजाही संभव होगी, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में संसाधनों की तेज आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी।

न कुछ आज बदला, न नव पदचाप आया, मेरे द्वारे ब्रह्ममुहर्त में शुभ्र प्रातः काल आया

# नव संवत्सर पर काव्य गोष्ठी कार्यक्रम संपन्न

विनय उजाला



अखिल भारतीय साहित्य परिषद इंदौर इकाई द्वारा नव संवत्सर-चैत्र प्रतिपदा-गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर विश्व संवाद केंद्र में नगर के साहित्यकारों की काव्य गोष्ठी संपन्न हुई ।गोष्ठी की अध्यक्षता श्री त्रिपुरारी लाल शर्मा ने की, विशिष्ट अतिथि श्री श्रीमती स्मृति आचार्य एवं डॉक्टर अखिलेश शर्मा थे।

काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रांत अध्यक्ष श्री त्रिपुरारी लाल शर्मा ने नव संवत्सर- गुड़ी पडवा का महत्व बतलाते हुए नव वर्ष का स्वागत अपनी कविता से इस प्रकार से किया कि न कुछ आज बदला, न नव पदचाप आया,मेरे द्वारे ब्रह्ममुहर्त में शुभ्र प्रात:काल आया पुष्पदल मुस्कुराकर उमंग से अग्रगम्य हुवे,भ्रमरों ने प्रफुल्लित हो नृत्य संग गीत गाया पवन के होले होले मदभरे शीतल स्पर्श से,हृदय में विराजित रागिनी ने नवराग गाया।

हिम कण भी प्रेयसी के प्यार में झरने लगे, अवनी पर हिमपात ने हिमाद्रि शैल बनाया.

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती स्मृति आचार्य के द्वारा अपनी रचना पिता पर पढ़ने के बाद उन्होंने अपने मधुर कंठ से तरन्नुम में अपनी रचना उम्र भर मैं तेरे गीत गाती रहूं साथ तेरा मिले मुस्कुराती रहूं पढ़ी तो पूरा वातावरण संगीत मय हो गया. विशिष्ट अतिथि श्री अखिलेश शर्मा ने भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला तत्पश्चात इंदौर के वीर रस के विख्यात कवि श्री गिरेंद्रसिंह भदोरिया ने अपनी प्रसिद्ध रचना जिनकी सोच समझ पर कुण्ठा के जाले पड़ जाते हों।

राष्ट्र गीत गाते ही अधरों पर ताले पड़ जाते हों।।

जिनकी शक्ल देखते रोटी के लाले पड़ जाते हों ।

कौओं की क्या कहूँ कबूतर तक काले पड़ जाते हों।। पढ़कर सभी साहित्यकारों से भरपूर दाद पाई. आर.डी. माहौर राही ने लोगों को नये नये रूप में ढलते देखा है।

अपनों को भी अंदाज़ बदलते देखा है। पढ़कर मानव जीवन की त्रासदी को अभिव्यक्त किया.प्रेम रस की कवियत्री सपना सोनी ने प्रेम से सराबोर कविता करीने से बैठ, हाँ तु इतना करीने से बैठ कि, मैं बात करूं तो, जवाब में तू, हुंकारें छूकर मुझे दे !,हो सके तो इतना करीब बैठ पढ़कर साहित्यकारों के मन में प्रेम का अंकुरण किया. हास्य रस के युगल दंपति कमलेश दवे और श्रीमती महिमा दवे ने 'मेरा पति जलेबी जैसा सीधा और मेरी पत्नी नमक की खारी डली' पढ़कर ठहाके लगवाएं.

नगर की सायरा श्रीमती राखी जैन द्वारा वक्त पर केंद्रित गजल

न चाहे वक़्त तो अवसर सुअवसर हो नहीं सकता

नसीबों की रज़ा बिन कुछ मयस्सर हो नहीं सकता

जब पढ़ा तो सभी साहित्यकार वाह वाह कर बैठे. श्री दिनेश दवे ने

प्यार सच्चा करता चल,वादा पक्का करता चल,जिंदगानी चार दिन की,

मन को बच्चा करता चल, बड़ी मस्ती से पढ़ी.

श्री सुभाष गौरव ने उन की कविता,बोल की परिभाषा कुछ और है।

मौन की परिभाषा कुछ और है।। पढ़कर लोगो से तालियां बजवा दी.

श्री प्रेमानंद सरस्वती ने 'प्रेमानंद प्रेम का विस्तृत सिला दिया तुमने ।

प्रेमानंद यहाँ था मृत जिला दिया तुमने' पढ़कर सभी को प्रेम का आनंद दिया. श्री पंकज जैन द्वारा सरस्वती वंदना की गई. डॉ.अजय ढींगरा ने 'उलझन को सुलझाना अच्छा लगता है काम सभी के आना अच्छा लगता है' पढ़कर सभी को सकारात्मक संदेश दिया.

काव्य गोष्ठी में सुरेश रायकवारने मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर कविता पढ़ी. श्री ओमप्रकाश जोशी बाबूजी ने एक मालवी गीत गाया.श्री हरिश साथी,श्री दिनेश दवे,श्रीमती पलक जैन,श्री बालकराम साद आदि ने भी कविता,ग़ज़ल पढ़ी.अतिथियों का स्वागत श्री गिरेंद्रसिंह जी भदोरिया एवं श्रीमती सपना साहू के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए श्री दिनेश दानिश द्वारा शोहरत को इंगित करते हुए गजल पड़ी गई

तुम न किसी की ज़द में थे।
जब तक अपनी हद में थे ।
शौहरत को वो पचा न पाये
जो- जो इसके मद में थे ।

आभार प्रदर्शन श्री रामचंद्र अवस्थी ने करते हुए नव वर्ष की सभी को शुभकामना इस गीत के साथ दी,

'सबके हृदय में हो सदा सबके लिए सद्भावना।
शुभकामना शुभकामना, नववर्ष की शुभकामना' ।।

## संक्षिप्त समाचार

### चैत्र प्रतिपदा गुड़ी घरों घर बांधी गुडी पड़वा हिंदू नववर्ष मनाया

**कसरावद, निप।** नगर सहित क्षेत्र में रविवार को गुड़ी पड़वा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों में गुड़ी बांधी पूजन कर सुख समृद्धि की कामना मांगी। श्रद्धालुओं ने अगामी वर्ष बेहतर हो सुख समृद्धि की कामना मांगी। गुड़ी पड़वा के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुरुआत आरंभ हुई है। प्राचीन देवी मंदिरो मे पूजन, दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। प्राचीन भवानी माता मंदिर व बड़ी माता मंदिर सहित पानवा सात माता मंदिरो के अतिरिक्त प्राचीन मंदिरों में विशेष श्रृंगार कर देवी आराधना कर पूजन किया। यह कर्म नौ दिनों तक जारी रहेगा।



### राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के द्वारा हिंदू नववर्ष मनाया



**महेश्वर, निप्र।** राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के द्वारा गणेश मंदिर टैक्सी स्टैंड पर हिदू नववर्ष गुड़ी पड़वा की शुभकामनाएं तिलक लगाकर माता बहन के चरण छूकर शुभकामनाएं दी। आयोजन में जिला मंत्री सुभाष नायक, समाजसेवी कमल कबूलकर, समाजसेवी संजू वर्मा, प्रमोद शर्मा, संतोष वर्मा, संजू नयता, मोहन कदम, अमित नायक, राहुल वर्मा, रामेश्वर कनाडे, महेश वर्मा, सतीश पाटीदार सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### बीमार गाय की मौत, गौ सेवकों ने अंतिम संस्कार कराया



**कसरावद, निप्र।** नगर के नया बस स्टैंड परिसर में पिछले लंबे समय से रमेश सोलंकी की गाय बीमार थी। रविवार को गाय की मौत हो गई। इसके बाद गौ सेवकों ने नगर परिषद को सूचना दी। जेसीबी की मदद से गाय को उठाया फिर गाय पालक ने पूजन किया। इसके पश्चात गौ सेवकों ने गांव बाहर विधि विधान पूर्वक अंतिम संस्कार किया। नगर मे पिछले लबे समय गौ सेवा को लेकर युवा आगे आ रहे हैं। लोगों ने कहा युवाओ का सराहनीय कार्य है। नगर में गायों की सुरक्षा को लेकर पूर्व मे रात्रि के समय रेडियम स्टीकर व बेल्ट भी गौ सेवकों ने सड़क व गांव में घूमने वाले पशुओं मे गाय तथा बछड़ों को सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए रेडियम स्टीकर बांधकर सुरक्षा कर रहे हैं। ताकि सड़क दुर्घटना से पशुओं की जान बचाई जा सके।

### एक करोड़ इक्कीस लाख से ज्यादा गायत्री मंत्रों का सामूहिक जप हुआ

# गायत्री महाअनुष्ठान में आदिवासी अंचल से पुण्य परमार्थ

विनय उजाला





**बड़वानी, निप्र।** सेंधवा तहसील के आदिवासी ग्राम झिरीजामली में गायत्री मंत्र अनुष्ठान का आयोजन हुआ। साली टांडा के संत डेमनिया बाबा के बताए मार्ग पर आदिवासी समाज के हजारों व्यक्तियों द्वारा ईश्वर भक्ति और आध्यात्मिकता से जुड़कर आत्म बोध और आत्म विस्तार की ओर बढ़ रहे हैं। गायत्री यज्ञ से अपने आप को जोड़कर सामाजिक क्रांति का नया अध्याय भी लिख रहे हैं। जनवरी माह से सामूहिक गायत्री मंत्र अनुष्ठान का प्रारंभ किया गया था, 12 घंटे का सामूहिक जप किया गया। एक घंटे की पाली में 260 से भी ज्यादा व्यक्ति ध्यान मुद्रा में बैठकर गायत्री मंत्र, शांत चित्त होकर जप क्रम करते हैं।

महिलाओं की पारी अलग रही 108 मनकों की माला एक घंटे में 12 माला प्रति व्यक्ति द्वारा 12 पाली में 260 भाई बहनों द्वारा कुल 40,43520 गायत्री मंत्रों का जप आत्मकल्याण और विश्व कल्याण की भावनाओं के लेकर किया गया। फरवरी माह के पश्चात तृतीय सामूहिक साधना का अनुष्ठान ग्राम झिरीजामली के गायत्री प्रज्ञा पीठ द्वारा पूर्ण हुआ। तीन अनुष्ठान में एक करोड़ इक्कीस लाख गायत्री मंत्र का जप ग्रामीण अंचल के आदिवासी भाई बहनों द्वारा श्रद्धा समर्पण उपहास रख कर पूर्ण किया। साली टांडा शक्ति पीठ के व्यवस्थापक नरेंद्र डावर ने बताया कि हमारा संकल्प जन्म शताब्दी वर्ष में सबके कल्याण के लिए साधना अभियान आगामी 9 माह तक सतत ग्रामों में चलेगा।

जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने महाअनुष्ठान को प्रदेश स्तर का श्रेष्ठ अभियान बताया इतनी बड़ी संख्या में एक साथ गायत्री जप 12 घंटे केवल बड़वानी जिले में ही हो रहा है। श्रृद्धा का यह अनुष्ठान मातृ कोई कार्यक्रम नहीं है बल्कि समाज की कुरूतियों और व्यसन में लिप्त व्यक्तियों को सही दिशा धारा देकर अच्छे भविष्य की नींव रखने का अवसर है, जिसमें सैकड़ों भाई-बहन गायत्री साधना कर अपने आप को धन्य बना रहे हैं। आदिवासी समाज की युवा पीढ़ी व्यसन को त्याग कर आध्यात्मिक कायाकल्प के सूत्रों और सिद्धांतों पर चलने के लिए संकल्पित हो रही है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी की समाज अभिनव रचना सद विचारो की गंगा से ग्राम ग्राम में जन जागृति आ रही है।

मतांतरण उन्मलन में गायत्री मंत्र साधना से संबल मिलना तय है। आयोजन पूर्व संध्या कालीन विराट मंगल कलश यात्रा ग्राम झिरीजामली में जय घोष करते निकाली गई। अनुष्ठान का संकल्प ऋषि संदेश के साथ प्रकाश नरगावे ने संपन्न कराया।गायत्री शक्ति पीठ साली टांडा के नरेंद्र डावर के साथ कुचीया आलावे, विक्रम जमरे, तुलसीराम नरगावे, रूपसिंह दादा, कविता डावर, सुनीता जी, भानू जमरे और गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

# सिंघाना में 'प्रकाश' अवैध धंधों पर छाया 'अंधेरा'

### जांबाज ऑफिसर, सिंघाना चौकी प्रभारी प्रकाश सरोदे की दबंग कार्य शैली से सट्टा माफियाओं में दहशत

विनय उजाला



**सिंघाना, निप्र।** धार जिले के सभी जांबाज पुलिस ऑफिसर व सैनिक अपनी जान जोखिम में डालकर जनता को खतरे से आगाज कराके सुरक्षा में तत्पर होकर कार्य कर रहे है। वहीं धार जिले के थाना मनावर की सिंघाना चौकी प्रभारी प्रकाश सरोदे के द्वारा अपराधियों पर अंकुश लगता जा रहा है, क्षेत्र में अपराधियों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है, इतना ही नहीं सिंघाना अंतर्गत क्षेत्र में पुलिस ने जुआ सट्टा पर्ची व अपराधों पर लगाम लगाने में कामयाबी हासिल की है द्य पुलिस अधीक्षक व वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। अपनी दबंग और निष्पक्ष छवि के लिए प्रकाश सरोदे ने जब से सिंघाना चौकी की कमान संभाली है, तब से क्षेत्र में अपराधियों में पुलिस का एक अलग ही डर व्याप्त है, अब अपराधियों एवं रेत माफियाओं, सट्टा माफिया में हड़कंप मचा है। चौकी प्रभारी प्रकाश सरोदे दिन रात क्षेत्र में पहुंचने से जनता में सुख शांति का माहौल बन गया है। सिंघाना चौकी क्षेत्र की जनता को चौकी प्रभारी और यहां अधीनस्थ स्टाफ से तालमेल बनाकर जनता की सुरक्षा कर रही हैं। अपराधी व सट्टा माफिया भी चिंतित और सदमे में है, क्षेत्र में सुरक्षा व शांति का माहौल है। जिससे पुलिस पर जनता का भरोसा और बढ़ता हुआ देखने को भी मिल रहा है। जांबाज ऑफिसर चौकी प्रभारी प्रकाश सरोदे की कार्यशैली से क्षेत्र में सुख और शांति है। सिंघाना चौकी को आदर्श थाना बनाने के प्रयास बड़ी तेजी से किए जा रहे हैं, क्षेत्र में पूरी तरह से अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाई जा रही है तो वहीं चिन्हित अपराधों का शिकंजा कसा जा रहा है। हाल ही कुछ दिनों पहले सिंघाना और मनावर जैन मंदिर के चौरो व चोरी का सामान जब्त करना एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई थी जिसमें दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है एवं अन्य आरोपियों को पकड़ने का प्रयास भी तेजी से किया जा रहे है। जल्द ही मुख्य चोर को पकड़कर सलाखों के बीच डाल दिया जाएगा तो वहीं आगे कोई भी इस तरह की घटना ना घटे उसके लिए बंदोबस्त किया जा चुका है। वह अपराधों पर लगाम कसे हुए है, हालही में सिंघाना पुलिस को अवैध शराब वाहन पकड़ने में एक और सफलता मिली है जानकारी के अनुसार अर्टिका कार से बोल्ट बियर की 8 पेटियां के साथ दो आरोपी को अवैध शराब के साथ पकड़ा और कार्यवाही की। आगे भी उनके द्वारा ऐसे ही प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र में अपराधों पर पूरी तरह लगाम लगाई जा।

सके उनका संकल्प है कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन से चौकी को आदर्श चौकी के रूप में परिवर्तित करने के भरपूर सार्थक प्रयास किए जाएंगे। क्षेत्र में कानून व्यवस्था में मुस्तैदी से पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाई गई है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने शिवकुंज योगा ग्रुप ने ली शपथ



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** डग-डग पानी पग-पग निर कह रहा है भारत का सुंदर अतीत। किसी जमाने में पग- पग पर हमें पानी के पोखर बहते हुए नजर आते थे। जहां खोदो वहां पानी हर पानी के परंपरागत स्त्रोत जल से लबालब होते थे। हमारी संस्कृति में भी नदी पूजन, कुआं पूजन इत्यादि जल स्त्रोतों की मुख्य कार्यक्रमों के साथ-साथ विशेष अवसरों पर पूजन अर्चन का विधान है। किंतु बढ़ती जनसंख्या एवं आधुनिक जीवन शैली में कहीं ना कहीं हम अपने पुराने जल स्त्रोतों की सही देखभाल करने में चूक रहे हैं। जिसे ध्यान आकर्षण करने के लिए मध्य प्रदेश शासन जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 जैसे सामुदायिक जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान से जहां लोगों में जल का दुरुपयोग रोकने की भावना जागृत हो रही है, वहीं वर्षाकाल के जल को सहेजने के लिए भी लोग आगे आने लगे हैं।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिवर्ष अनुसार शिवकुंज योगा ग्रुप के द्वारा इस वर्ष भी सामूहिक शपथ लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रण किया। इस अवसर पर सदस्यों ने शिव कुंज की तलहटी के आगजनी से क्षतिग्रस्त क्षेत्र को भी फिर से जल की हर एक बूंद का सदुपयोग कर उसे पुनः हरा भरा बनाने के लिए भी अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# शिवधाम धर्मशाला में गूंजे रनुबाई के पारंपरिक गीत

### गणगौर महोत्सव में निमाड़ी लोकगीतों पर महिलाओं ने किए झालरिया नृत्य

विनय उजाला



**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर की महिलाओं द्वारा निमाड़ की लोक संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बनाए गए मंच शिवांगिनी द्वारा शनिवार देर शाम माता की बाड़ी में गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसने महेश्वर की प्रसिद्ध लोक गायिका मनीषा शास्त्री ने निमाड़ी गणगौर गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। आयोजन के शुरुवात में संस्था की महिला सदस्यों ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। गणपति वंदना और मां नर्मदा की आराधना से शुरू हुआ गणगौर महोत्सव देर रात्रि तक माता के लोकगीतों से सजा रहा। मां नर्मदा की आराधना पर आधारित निमाड़ी लोक गीत पर संस्था की सदस्या दिव्या मोयदे, प्रज्ञा मोयदे, अर्चना उपाध्याय एवं निधि डोंगरे सहित अन्य ने सामूहिक नृत्य पेश किया। कार्यक्रम का संचालन प्राची पटवारी एवं डॉ. नीलम तवर ने किया।

**सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण बना महोत्सव :** संस्था की सदस्या हर्षा शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि गणगौर महोत्सव में नगर की सर्व समाज की महिलाओं के विभिन्न दलों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां भी दी। उक्त सभी नृत्य प्रस्तुतियां अतिथि गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए लोकगीतों पर दी गई। शिवधाम धर्मशाला में उपस्थित सभी महिलाओं ने आनंद के साथ महोत्सव का आनंद लिया। गणगौर नृत्य प्रस्तुत करने वाले दलों को संस्था द्वारा आयोजन के समापन पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की सदस्या जूही तवर एवं ऋतु तवर ने गणगौर संबंधित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया। जिसने महिलाओं ने एक पात्र में रखी पर्चियों में से एक पर्ची निकाली उस पर्ची के आधार पर महिलाओं से प्रश्नोत्तरी की गई। जिसके सही जवाब देने वाली महिलाओं को उपहार दिए गए।

**शिवांगिनी बनेगा लोक संस्कृति एवं पर्यावरण हितैषी :** संस्था के सूत्रधार एवं प्रसिद्ध अभिभाषक संजीव मोयदे ने संस्था से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि संस्था शिवांगिनी को बनाने का उद्देश्य निमाड़ की लोक संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण है। इस संस्था में नगर की सर्वसमाज की युवा महिलाओं को जोड़ा जाएगा ताकि भावी पीढ़ी हमारी लोक संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक हो। मोयदे ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि निमाड़ी लोक संस्कृति के बारे में हमारी वरिष्ठ पीढ़ी तो अच्छे से वाकिफ है पर कही न कही आने वाली पीढ़ी हमारी लोक संस्कृति से दूर होती जा रही है। भावी पीढ़ी लोक संस्कृति के प्रति जागरूक हो यही संस्था के निर्माण के पीछे यही उद्देश्य निहित है। साथ ही संस्था पर्यावरण संरक्षण के लिए भी समय समय पर कार्य करेगी। इस दौरान उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने संस्था कि प्रत्येक पहल के यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छ बनाए रखने में जनता का सहयोग जरूरी : विधायक बालकृष्ण पाटीदार

### जल गंगा संवर्धन अभियान का विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने किया शुभारंभ

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कुंदा नदी के तट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ पर विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि जीवन ही है, इसके बिना जीवन संभव नहीं है। जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छ बनाए रखने में सरकार के साथ ही आम जन का सहयोग भी बहुत जरूरी है। जल संरक्षण के लिए केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार मिलकर अभियान चला रही है । कोई भी अभियान जनता एवं समाज के सहभागी बनने से ही शत प्रतिशत सफल होता है। जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान चलाया तो देश की जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आ गई है। इसी तरह की जागरूकता जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए भी आमजन के मन में होना चाहिए। जल संरक्षण का यह अभियान केवल एक दिन चलने वाला अभियान नहीं है बल्कि यह अभियान हर दिन और निरंतर चलते रहना चाहिए। कलेक्टर भव्या मित्तल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान तीन माह तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत बावड़ियों, नदियों व नालों की सफाई एवं संरक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही मनरेगा के अंतर्गत तालाब का गहरीकरण, स्टापडेम, नवीन तालाब निर्माण आदि जल संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। उल्लेनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खरगोन जिले में जल संरचनाओं के निर्माण एवं पुनर्जीवन नये जल संशाधनों, तालाबा, बावड़ी, सरोवर का निर्माण कर पुरानी जल संरचनाओं की सफाई नर्मदा नदी के किनारे, धार्मिक स्थलों के पास जल संरचनाओं की साफ-सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा। जिले में 27 अमृत सरोवर, 1254 तालाब निर्माण तथा 2166 पूर्ववर्ती जल संरचनाओं की परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा। आगामी वर्षा ऋतु के दौरान किसानों के खेत में फलोद्यान एवं सामूदायिक भूमि पर वृक्षारोपण के कार्य किये जाएंगे। खरगोन में कुंदा नदी के किनारे गणेश मंदिर के पास जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उपाध्यक्ष भोलू कर्मा, एसडीएम बी एस कलेश, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एम आर निगवाल, नगर पालिका के पार्षद, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक भी उपस्थित थे।

### 15 अप्रैल तक शत-प्रतिशत स्थाई जाति प्रमाण पत्र के आवेदन लोक सेवा केंद्र में जमा करे ईकेवाईसी, आधार कार्ड बनाने, अपडेशन का कार्य सतत् जारी रखे

विनय उजाला



**पलसूद, निप्र।** कक्षा 1 से 12 तक सभी विद्यार्थियों के स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य 15 अप्रैल तक शतप्रतिशत आवेदन पत्र फिलअप कर स्कूल प्रबंधन क्लस्टर के माध्यम से लोकसेवा केंद्र भेजना सुनिश्चित करेंगे, जिला कलेक्टर द्वारा टीएल मीटिंग में योजना को लेकर जिला स्तर की डीपीएमयू बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री काजल जावला द्वारा सभी मॉनेटरिंग ऑथोरिटी को निर्देशित किया गया है। जनशिक्षक सुरेशचंद्र राठौड़ द्वारा सभी स्कूल प्रबंधन को शिक्षकों पालकों के समन्वय से शतप्रतिशत स्थाई जाति प्रमाण पत्र के आवेदन पत्र भरकर क्लस्टर कार्यालय के माध्यम से प्रतिदिन लोकसेवा केंद्र भेजें जा रहे है इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएं पंचायत सचिव, जीआरएस ईकेवाईसी द्वारा सतत् कार्य किए जा रहे है।

प्रत्येक ग्राम पंचायत में आधार केंद्र पर आधार बनाने अपडेशन का कार्य सतत् किया जा रहा है अपार आईडी जाति प्रमाण पत्र दोनों का कार्य सभी के द्वारा सतत् कार्य किए जाने से संभव होगा सभी मॉनेटरिंग ऑथोरिटी नियमित फॉलो अप लिया जायेगा ब्लॉक स्तर पर बीपीएमयू बैठक में बीएसी संतोष बघेल द्वारा विस्तृत जानकारी देकर जनशिक्षकों को जानकारी दी है।

### विक्रमोत्सव 2025 के तहत सूर्यकोटि उपासना कार्यक्रम का जिला मुख्यालय पर हुआ आयोजन

# कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य संजीव नाट्य का किया प्रस्तुतिकरण

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** राज्य शासन के निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 का शुभारंभ 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर्व से चैत्र प्रतिपदा 30 मार्च तक संपूर्ण राज्य में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जो सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण एवं भारत विद्या पर केंद्रित रहा। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत सूर्य कोटि उपासना कार्यक्रम संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन बड़वानी द्वारा पर पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में आयोजित किया।






**सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाट्य का किया प्रस्तुतीकरण :** संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य आपके जीवन पर केंद्रित नाट्य मंचन की शुरुआत में वर्तमान समय के युवाओं के नववर्ष मनाने के तरीके और हमारी प्राचीन संस्कृति के बीच का अंतर दिखाया गया। दादा एवं पोते बालक विक्रम के बीच हुए संवाद को मंच पर संजीव प्रस्तुत करते ही चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य से संबंधित इतिहास एवं उनके द्वारा स्थापित ऊंचे आयामों एवं मापदंडो को दर्शकों ने जाना।

**मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन :** राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, कलेक्टर गुंचा सनोबर, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद ने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। सम्राट विक्रमादित्य पराक्रम साहस और ज्ञान के पर्याय हैं हम सभी सम्राट विक्रमादित्य के गुणों को अपने जीवन में धारण करें एंव सत्यनिष्ठा एवं जल संग्रहण का भी संकल्प लें।

कलेक्टर ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि सम्राट विक्रमादित्य ने शासन, प्रशासन ,न्याय, अध्यात्म, कर्म प्रधानता के ऊंचे आयाम एवं मापदंड स्थापित किये। शत्रुओं पर विजय के प्रतीक के रूप में 57 ईसा पूर्व विक्रम संवत का प्रारंभ हुआ जो राष्ट्रीय संवत कहलाता है । यह शुद्ध प्राचीन एवं वैज्ञानिक है जो सबसे प्राचीन काल गणना का आधार है 12 महीने का 1 वर्ष और 7 दिन का एक सप्ताह रखने का प्रचलन विक्रम संवत से ही प्रारंभ हुआ। सवंत अनुसार महीने का हिसाब सूर्य एवं चंद्रमा की गति पर रखा जाता है।

**संस्कृति और इतिहास का भव्य संगम :** नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति ने यह सिद्ध कर दिया कि हमारी संस्कृति सिर्फ अतीत का गौरव नहीं, बल्कि भविष्य की प्रेरणा भी है। सम्राट विक्रमादित्य की गाथा ने हर दर्शक के हृदय में देश और संस्कृति के प्रति नई चेतना और उत्साह का संचार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने ब्रह्मध्वज का पूजन कर श्रीमहाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर स्थापित करवाया

**उज्जैन, निप्र।** माननीय मुख्यपमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2082 और गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर उज्जैन में माँ क्षिप्रा जी के तट पर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने ब्रह्मध्वज की पूजा अर्चना की। जिसके बाद सर्वप्रथम ब्रह्मध्वज श्रीमहाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर स्थापित किया गया। इसके अलावा उज्जैन के प्रमुख मंदिरों में ब्रह्मध्वज को पूजन के बाद समर्पित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को सृष्टि आरम्भ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विक्रम संवत 2082वां वर्ष प्रारंभ हुआ है। शिप्रा के किनारे हमने इस नए साल को धूमधाम से मनाया। ब्रह्मध्वज का आज लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने ब्रह्मध्वज की जानकारी देते हुए बताया कि सृष्टिकर्ता महाकाल की प्रेरणा से ब्रह्मदेव ने सृष्टि का निर्माण किया। 1955885126 वर्ष पूर्व से प्रवर्तित सृष्टियाब्द के आरम्भ से ही कोटि सूर्य को महिमा प्रदान की गयी है। यह ब्रह्मध्वज वर्षों पूर्व परम्परा से श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्?जैन के शिखर पर समय-समय पर स्थापित किया जाता रहा है। यह परंपरा आज से फिर शुरू हो गई है।

### रक्तदान शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रह किया



**खण्डवा, निप्र।** हिंदु नववर्ष व अनंत इरिगेशन ब्रांड धानुका के नौवें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को रुधी भावसिंगपुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फार्म के परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय खंडवा की टीम द्वारा 72 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके सेठिया ने बताया कि लगातार 5 वर्ष से यह रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। रक्तदान से सेहत में सुधार होता है, वजन कंट्रोल में रहता है। इसमें सभी युवाओं को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर धानुका कंपनी के चेयरमैन श्री जितेंद्र जैन, डायरेक्टर श्री सी.एस. पाटिल, श्री शेषमल जैन, श्री जैकी पालीवाल व श्री दीपक जैन द्वारा सभी रक्तदाताओं व स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

# पथ सही होने पर शपथ सफल होती है : मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव जैन समाज के शपथ अनुष्ठान पर्व में शामिल हुए

विनय उजाला




**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि विक्रम संवत चैत्र प्रतिपदा नववर्ष पर पावन पुनीत अवंतिका में देश भर से शपथ अनुष्ठान पर्व में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत है। उज्जैन में भगवान श्री महावीर स्वामी ने तपस्या की है। तपस्या का पथ सही होने पर शपथ सफल होती है। मानव जीवन संक्षिप्त समय का है ,इसलिए जितना भी समय है, उसे हमे परमार्थ के कार्य और सभी जीवों की सेवा में लगाना चाहिए। परमार्थ के कार्य कर मानव महापुरुष हो जाता है। यह उद्बोधन मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जैन समाज के शपथ अनुष्ठान पर्व कार्यक्रम में दिया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारी सरकार विकास के कार्य सांस्कृतिक समन्वय से कर रही है। इसी क्रम में उज्जयिनी और प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से शराबबंदी की जा रही है।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दीप प्रज्वलित कर की।कार्यक्रम में आयोजनकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को उज्जैन का नाम संपूर्ण देश प्रदेश में गौरवान्वित करने पर नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा देवेंद्र काशल, अश्विन कोशलीवाल, सचिन कासलीवाल आदि उपस्थित रहे।

# नववर्ष का वास्तविक वैज्ञानिक तथ्य आरोग्यता : श्री रंगनाथचार्य

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** नव वर्ष का जो वास्तविक वैज्ञानिक तथ्य सुख है आरोग्यता आरोग्य प्रदान करने वाले हमारे सूर्य की प्रथम किरण से प्रारंभ होता है और प्रकृति भी इस वर्ष को मानती है। इस नव वर्ष में पूरी प्रकृति के जितने भी वृक्ष है पौधे हैं उन सब पर नवीनता दिखाई देती है। पौधों में सुंदर पुष्प आ जाते हैं, प्रकृति भी हमे नव वर्ष बनाने की प्रेरणा देती है।

यह उद्बोधन श्री रंगनाथचार्य जी द्वारा विक्रमादित्य सभागृह में श्री हरसिद्धि भक्त मंडल द्वारा आयोजित विक्रम संवत्सर 2082 मिलनसमारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। विशेष अतिथि के रूप में डॉ विशाल शुक्ल पणिनी संस्कृत विद्यालय, श्रीमती भारती वर्मा ज्योतिष आचार्य मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा विक्रमादित्य सभा गृह में स्थापित विक्रमादित्य का पूजन किया।

तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत मंडल के अध्यक्ष संतोष राव जाधव, सचिव सुनील वर्मा, प्रवक्ता वीरेंद्र शर्मा, जगदीश चंद्र शर्मा, राजेश नागर, राजेश अखंड, दशरथ गोयल, अवधेश माथुर, श्याम गुरु त्रिवेदी, विनय नामदेव, सत्यनारायण तोनगरिया ने किया। कार्यक्रम में पत्रकार एवं हरसिद्धि मंदिर पुरोहित रामचंद्र गिरी का स्वागत पंडित अभिषेक दुबे ने किया। हरसिद्धि भक्त मंडल द्वारा प्रतिवर्ष विक्रमादित्य नवरत्न सम्मान के अंतर्गत वराह मिहिर सम्मान श्रीमती भारती वर्मा ज्योतिषचार्य को स्मृति चिन्ह प्रदान कर अतिथियों द्वारा किया। इस अवसर पर संचालक शिवनारायण चौबे, राजेंद्र जोशी, रमेश दुबे, गोपाल व्यास, श्रीमती वर्षा जोशी, अर्चना ज्ञानी, कल्पना नायक, आदेश पांचाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेश्वर दुबे ने किया एवं आभार भक्त मंडल सदस्य डॉ.अर्चना शुक्ला ने माना।

## सामाजिक नारी संगठन की महिलाओं ने माता रानी के भजनों के साथ नववर्ष मनाया



विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सामाजिक नारी संगठन द्वारा गुडी पडवा के अवसर पर प्रात: 8 बजे शीतला माता मन्दिर पर माता रानी का पूजन किया । इसके पश्चात् राहगीरों को तिलक लगाकर नीम व मिश्री का प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर संयोजक सीमा सारस्वत ने कहा कि आज संगठन का स्थापना दिवस भी है आज ही के दिन माता रानी के दरबार मे संगठन की शुरुआत हुई थी। तभी से हम हर साल माता रानी के भजनो के साथ नगर मे सुख शान्ति बनी रहे इस कामना को लेकर माता का आशीर्वाद लेते है।

इस अवसर पर रीतू पाण्डेय, नागेश्वरी पाल, जय श्री पाचांल, माया कछावा, अन्नपूर्णा शर्मा, सीमा बिफोर, अनिता चौहान, मन्जू धाकड, लता शर्मा, रेखा राठोर, मघू प्रजापत, राजकुमारी चौरसिया, ममता पाचाल, विद्या अग्रवाल, संगीता खंडेलवाल, कुसुम खण्डेलवाल, सरोज मकवाना, कांता सोलंकी, अर्चना शर्मा, ज्योति बेराग सहित संगठन की सदस्य उपस्थित रहीं।

# गायत्री शक्तिपीठ नागदा में आज से 11 लाख गायत्री महामंत्र अनुष्ठान जाप हुआ प्रारम्भ



विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** गायत्री शक्तिपीठ नागदा में आज से 11 लाख गायत्री महामंत्र अनुष्ठान जाप शुरू किये गये जिसमें सर्वप्रथम यज्ञ एवं संकल्प आज किये गये। जाप की पुर्णाहूति दिनांक 10 अप्रैल गुरूवार प्रात:8 बजे होगी। पुर्णाहूति पर पंचकुण्डीय महायज्ञ, कन्या पुजन, कन्या भोज एवं यज्ञ में पधारे सभी साधक परिवारों की भोजन प्रसादी होगी।

गायत्री शक्तिपीठ की कार्यकर्ता ममता बैरागी ने बताया कि नवरात्र पर्व को ऋतुसंध्या मुहूर्त विज्ञान की दृष्टि से ही नहीं विशिष्ट साधना पद्धति के कारण भी महत्वपूर्ण माना गया है। नवयुग सृजन की प्रेरणाओं को क्रियान्वित करने तथा उस दिशा में कदम, बढ़ाने का यही शुभ मुहूर्त है। नवरात्र काल में सारे ब्रम्हांड में साधना हेतु आत्मिक प्रगति के लिए अनुकूल वातावरण रहता है। जहाँ जहां नित्य यज्ञ और तप होता है। वह स्थल देवशक्तियों की सूक्ष्म उपस्थिति से जीवंत तीर्थ बना रहता है। नवरात्र के दिनों में ही हमारे शरीर में स्थित चक्रो की प्रसुप्त शक्ति जाग्रत होकर साधक को यथासंभाव सही मार्ग पर चलने की शक्ति साहस प्रदान करती है।

बैरागी ने बताया कि इस अनुष्ठान में साधक, परिजन एवं गायत्री शक्तिपीठ परिजन सम्मिलित होंगे।

### चैत्रीय नवरात्रि गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में

## क्षत्रिय पदाधिकारी मिलन समारोह का आयोजन एवं नव कन्या का पूजन किया

### नागदा में राजपूत धर्मशाला निर्माण के लिए प्रस्ताव पास किया

विनय उजाला




**नागदा जं, निप्र।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में आज गांव दीवेल में चैत्रीय नवरात्रि एवं गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में पदाधिकारी मिलन एवं नव कन्या पूजन का आयोजन किया गया जिसमें नौ कन्याओं के पैर धोकर उनकी विधिवत पूजा की गई और अतिथियों का स्वागत अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष जीवन सिंह तंवर तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह डोडिया ने किया। अपने उद्बोधन में पूर्व विधायक लाल सिंह राणावत जी ने सभी को नव वर्ष कि शुभ कामनाएं दी एवं नागदा नगर में समाज कि धर्मशील निर्माण कि बात कही।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमुख ठाकुर भेरूसिंह चौहान ने रामलाल सुमन द्वारा राणा सांगा जी के लिए कहे गए अपमान जनक टिप्पणी पर रोष व्यक्त करते हुए निन्दा प्रस्ताव पास किया गया साथ ही नागदा नगर में राजपुत धर्मशाला को विक्रय कर नवीन धर्मशाला बनाने का प्रस्ताव रखा और अपनी और से एकलाख रुपए देने कि बात कही जिसके उपस्थित सभी राजपुत सरदारों ने स्वागत किया। इसी तरह विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान जी ने भी एक लाख रुपए और जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह जी चौहान ने भी एक लाख रुपए देने कि घोषणा कि है ठिकाना अर्जला में रावले राजेंद्र सिंह जी ने धर्मशाला बनाने के लिए अपनी और से पांच लाख रुपए देने कि बात कही वहीं उनके छोटे भ्राता बी . एस सोनगरा कि और से एक बीघा जमीन धर्मशाला निर्माण के लिए देने कि घोषणा कि गई इसके लिए सभी सरदारों ने स्वागत किया साथ में सेवानिवृति के उपलक्ष्य में राजेंद्र सिंह झाला और गजराज सिंह पंवार को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मान किया गया खाचरोद में जिले प्रदेश तहसील स्तर पर नियुक्तियां की गई है जिसमें नियुक्ति पत्र वितरित किए है।

कार्यक्रम में सभी राजपूत समाज के समाजजन उपस्थित हुए जिसमें पूर्व विधायक लाल सिंह जी राणा साहब, पूर्व विधायक दिलीप सिंह जी शेखावत साहब, विधायक साहब तेज़बहादुर सिंह चौहान खाचरोद जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह भुवासा, रावले राजेंद्र सिंह अर्जला साहब, नारायण सिंह चिकलाना साहब,प्रदेश राष्ट्रीय प्रमुख उपाध्यक्ष ठाकुर भैरू सिंह जी चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला ऊषा पंवार,कार्यकारी अध्यक्ष यशपाल सिंह सिसोदिया, प्रदेश महामंत्री कुबेर सिंह जी, प्रदेश उपाध्यक्ष मिलिन सिंह चौहान पवार साहब, जीवन सिंह तंवर,शैलेंद्र सिंह जी चौहान , बजरंग सिंह चौहान, रघुवीर सिंह चंद्रावत,भगवान सिंह डोडिया, शिवनाथ सिंह चापानेर, लक्ष्मण सिंह शेखावत, भंवर सिंह डोडिया, गजराज सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह झाला, भारत सिंह गोहिल ,अजित सिंह वछाखेड़ी, यशराज सिंह चावड़ा, चैन सिंह रघुवंशी, आदित्य सिंह रघुवंशी, रूपम ठाकुर, अंतर सिंह राजपूत ,लक्ष्मण सिंह जी डोडिया ,खुशपाल सिंह जी डोडिया ,,जीवन सिंह जी पवार , एलकार सिंह पंवार, युवराज सिंह भुवासा, सुरेंद्र सिंह कनवास राजेंद्र सिंह बड़ागांव, भानु बना,उज्जैन मीडिया प्रभारी कल्याण सिंह तोमर महिला जिला अध्यक्ष प्रेम कुंवर जावरा तहसील अध्यक्ष अन्नपूर्णा पंवार संभाग अध्यक्ष हेमा कुंवर सिसोदिया, राधा जी, उपस्थित हुए ।

संचालन यशपाल सिंह सिसोदिया द्वारा किया गया एवं आभार लक्ष्मण सिंह डोडिया ने माना।

## नागदा ईंट भट्टा व्यापारी संघ का होली मिलन समारोह व नववर्ष उत्सव



विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** नागदा ईंट भट्टा संघ का होली मिलन समारोह व नववर्ष उत्सव का आयोजन गुढ़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर शनिवार को चंबल तट स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर संगठन अध्यक्ष दौलतराम प्रजापत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान व विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड, धर्मेश जी जायसवाल, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, प्रकाश जैन, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ पी गेहलोत, सी एम अतुल, मदनलाल प्रजापत, राधेश्याम पहलवान, नंदकिशोर प्रजापत, चुन्नीलाल प्रजापत, बाबुलाल प्रजापत, पप्पु प्रजापत, कमल भदाले, मनोहर मोरवाल, गोरधनलाल प्रजापत उपस्थित थे।

कार्यक्रम में ईंट भट्टा व्यापारियो द्वारा खेल प्रतियोगिताएं चेयर रेस व फुग्गा फुलाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। साथ ही व्यापारियों ने फुलो से होली खेली गई तथा आपस में एक दूसरे को शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम का संचालन मोतीलाल प्रजापत ने किया एवं आभार श्याम प्रजापत ने माना। इस अवसर पर कमल प्रजापत, राजू प्रजापत, महेश प्रजापत, मुकेश पहलवान, रवि प्रजापत, मुकेश मोरवाल, राजेन्द्र प्रजापत, मुकेश मूर्ति, शिवनारायण प्रजापत, संतोष प्रजापत, मनोज प्रजापत, पंकज प्रजापत, शरद प्रजापत, युवराज प्रजापत, जितेन्द्र प्रजापत सहित समाजजन उपस्थित रहे।

### पंजाब से आये स्पेशल ढोल, जादू का खेल व हनुमानजी आकर्षकण का केन्द्र रहे

# भगवान झूलेलाल जयंती समाजजनों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई गई







विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** चेटीचंड के अवसर पर सिंधी समाज द्वारा रविवार 30 मार्च को श्रद्धाभाव के साथ श्री झूलेलाल जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम प्रातः 8.30 बजे मंदिर शिखर पर समाज अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् 9 बजे भगवान झूलेलाल का अभिषेक, आरती तथा आकर्षक श्रृंगार किया गया। सुबह 11 बजे समाजजनो द्वारा आकर्षक वेशभूषा पहन कर एक वाहन रैली पुरे नगर में निकाली गई। दोपहर में भजन कीर्तन, प्रसाद एवं ठण्डाई का वितरण किया गया।

शाम को 5 बजे से भगवान झूलेलाल की भव्य व आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बेण्डबाजा, डीजे, ढोल, ताशे के साथ कालका माता व राम दरबार का स्वरूप आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में सिर पर कलश लिये इन्दौर से आये कलाकारो की प्रस्तुति अद्भुत रही। शोभायात्रा में भगवान झूलेलालजी के स्वरूप को आकर्षक बग्घी में निकाला गया। इसके साथ ही भगवान झूलेलाल का आकर्षक झूले ने शोभायात्रा में चार चांद लगा दिये।

शोभयात्रा झूलेलाल मंदिर से निकलकर जवाहर मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग होती हुई चम्बल तट पर पहुंची। शोभा यात्रा में समाजजन आकर्षक वेशभूषा के साथ नृत्य करते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा का नगर की सामाजिक संस्थाओं एवं आम जनता ने जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया तथा कहीं-कहीं पर आईसक्रीम, शरबत के साथ स्वागत हुआ। इसके पूर्व शनिवार को भजन संध्या का आयोजन झूलेलाल मंदिर में हुआ जिसमें उज्जैन से विशेष रूप से पधारे जय अंबे म्यूजिकल ग्रुप के सिंगर लक्ष्मण दादवानी ने आकर्षक भजनो की प्रस्तुति दी। साथ ही समाज के वरिष्ठो का सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर संरक्षक डॉ. एस.आर. चावला, सुरेश पंजाबी, चन्द्रप्रकाश टिलवानी, ठाकुरदास चंदनानी, बंसीलाल चंदनानी, महेश पंजाबी, मुरली खत्री, भगवानदास लीलानी, हेमंत दासवानी, जयंतीलाल कोटवानी, योगेश तोलानी, ईश्वरलाल धनवानी, अतुल धनवानी, नारायणदास खत्री, गौरव तोलानी, पवन कोटवानी, दीपक कोटवानी, सुनील लीलानी, महेश दासवानी, श्यामलाल खत्री, देवेन्द्र चम्पू दासवानी, शंकरदास चंदनानी, भरत धनवानी, मुरली खत्री, तेजूमल पकवानी, करण लीलानी, श्यामसुन्दर टिलवानी, प्रथम टिलवानी, उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माताजी की टेकरी पहुंचकर की पूजा-अर्चना



**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माताजी की टेकरी पहुंचकर सपत्नीक पूजा-अर्चना की तथा मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा से जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को माताजी की टेकरी पर व?यवस?था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान तहसीलदार सपना शर्मा, नायबतहसीलदार निधि राजपूत व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पारित

**देवास, निप्र।** एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में नगर निगम मेयर इन काउंसिल नगर निगम परिषद के द्वारा सर्वानुमति से पारित किया गया। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम मेयर इन काउंसिल द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के समर्थन में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसे राष्ट्र हित में निगम मेयर इन काउंसिल एवं निगम परिषद के सम्मेलन में सर्वानुमति से पारित किया गया। महापौर ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा एवं समस्त राज्यों की विधान सभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चो की बचत हो सकेगी। एक राष्ट्र एक चुनाव से प्रशासनिक, आर्थिक क्षमता, विकास कार्यो की निरंतरता, राजनीतिक स्थिरता का लाभ मिल सकेगा। ये एक क्रांतिकारी कदम है जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनाएगा, इससे न केवल सरकार के कार्यों में निरंतरता आएगी बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुदृढ होगी।

### चेत्र नवरात्रि पर्व पर मटन चिकन का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

**देवास, निप्र।** नगर निगम महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा चेत्र नवरात्री महापर्व पर शहर व बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए 30 मार्च रविवार से 6 अप्रैल रविवार राम नवमी के पर्व तक देवास शहर में मटन चिकन का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। महापौर ने बताया कि मां तुलजा भवानी एवं मां चामुण्डा टेकरी प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र होकर नवरात्री में शहर व शहर के बाहर से बडी संख्या में श्रद्धालु देवास दर्शनार्थ आते हैं। इनकी भावनाओं के अनुरूप व धार्मिक महत्वों को ध्यान में रखते हुए शहर के सम्पूर्ण मांसाहारी व्यवसायिक प्रतिष्ठान व दुकानें एवं होटलों पर मांस के विक्रय को प्रतिबंधित किया गया है। महापौर द्वारा इस हेतु नगर निगम स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर को निर्देशित किया गया है कि वे नवरात्री पर्व के दौरान मांस विक्रय की दुकानों बंद करवाने के नोटिस जारी करें तथा आदेश के पालन का उंल्लघन करने पर विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित करें आदेश का सख्ती से पालन करवाए।

### गायत्री परिवार द्वारा घट स्थापना के साथ हवन-यज्ञ शुरू



**सोनकच्छ, निप्र।** गायत्री प्रज्ञा पीठ सोनकच्छ में गायत्री अनुष्ठान का शुभारंभ एवं नववर्ष मनाया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा सोनकच्छ द्वारा 30 मार्च रविवार चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर घट स्थापना मंत्र जाप साधना तत्पश्चात गायत्री हवन संपन्न हुआ। इस अवसर पर हिंदू नव वर्ष हर्ष उल्लास से मनाया गया। परम पूज्य सद्गुरुदेव का सत साहित्य का वितरण किया गया गायत्री परिवार ने नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि प्रतिदिन प्रात: प्रात: 8:00 बजे से 10:00 तक होने वाले गायत्री यज्ञ में अनुष्ठान में सम्मिलित होकर धर्म का लाभ लेवे।

### वैश्य समाज द्वारा मां लक्ष्मी की शोभायात्रा निकाली यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया



**सोनकच्छ, निप्र।** गुड़ी पड़वा पर स्थानीय वैश्य समाज द्वारा सुबह मां लक्ष्मी की शोभायात्रा निकाली, जिसमें महेश्वरी समाज, जैन समाज और चित्तोड़ा समाज के महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए। इस के पहले सभी समाजजन गीता भवन मंदिर पर एकत्रित हुए और वहां से शोभायात्रा शुरू की गई। यात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया वहीं समाजजनों द्वारा मां लक्ष्मी के चित्र की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मोटरसाइकिल पर टंगे झोले से 39 हजार रुपए निकाले आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुलिस जांच में जुटी

**सोनकच्छ, निप्र।** तेजसिंह पिता शंकरलाल निवासी ग्राम रोशनाबाद सोनकच्छ शनिवार द्वारा बैंक ऑफ इण्डिया से रुपए निकाने



के बाद सोमवारिया माता जी मन्दिर के पास से 39 हजार रुपए चोरी हो जाने का आवेदन पुलिस को दिया। फरियादी तेजसिंह ने बताया कि वह बैंक ऑफ इण्डिया से रुपए निकालने के बाद सोमवारिया में आटा चक्की पर गया था तभी मेरी गाडी पर झोला रखा था, उसी झोले में 39 हजार रुपए रखे थे जेसे में चक्की पर आटा लेने गया तभी मेरी गाड़ी के पास एक मोटर साइकिल से तीन लोग आये ओर मेरी गोटर साईकल पर से झोला लेकर फरार हो गए है। जैसे ही मैंने आटा चक्की पर से आटे की थैली लेकर मेरी मोटरसाइकिल के पास आया तो मेरी मोटर साइकिल पर रखा रुपए का झोला चोरी हो चुका था। तेजसिंह की शिकायत पर पुलिस द्वारा नगर के सीसीटीवी कैमरे चेक किए और उसमें अज्ञात लोग जाते हुए देखा दिए। पुलिस जांच में जुटी है।

### देवास जिले में बढ़ाएंगे औषधीय खेती का रकबा

# किसान औषधीय उत्पाद में उगाएंगे अश्वगंधा

### आयुष विभाग ने जिले के विकासखंडों के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए, करेंगे किसानों और एसएचजी को प्रेरित करेंगे

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** एक जिला-एक औषधीय उत्पाद के तहत देवास जिले में अश्वगंधा की खेती के लिए बड़े पैमाने पर किसानों को तैयार किया जा रहा है। आयुष विभाग अब गांव गांव तक इसके फायदे पहुंचाने के लिए मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित कर रहा है ताकि आम किसानों ओर स्व सहायता समूहों तक अश्वगंधा की अघुनातन और अच्छी बचत देने वाली खेती को सही-सही जानकारी पहुंचाई जा सके।




आयुष विभाग ने संस्था सोलिडरी डाड के साथ विभिन्न विकासखंडों से आए मास्टर ट्रेनर्स के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के प्राचार्य डॉ. आर.पी.वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. महेन्द्र सिंह, मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कोषे, कृषि विभाग के लोकेश गंगराड़े, उद्यानिकी के अनुविभागीय अधिकारी पी.एन.सेन, सॉलिडरी डाड की पूर्वा दीक्षित, याशिका रघुवंशी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. ममता जूनवाल ने तकनीकी प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर्स से आग्रह किया है कि वे अपने विकासखंडों में अधिक से अधिक किसानों, वन समितियों तथा स्व सहायता समूहों को औषधीय खेती के लिए तैयार करें। आयुष विभाग की महत्वाकांक्षी देवारण्य योजना में औषधीय पादप बोर्ड मंत्रालय भोपाल ने देवास जिले में अश्वगंधा को विशेष औषधीय उत्पाद के लिए चिन्हांकित किया है। इनके व्यापक प्रचार-प्रसार अभिसरण में विभागों की योजनाएं एवं औषधीय पौधों की खेती, संग्रहण, भंडारण, प्रसंस्करण तथा विपणन आदि विषयों की जानकारी प्रशिक्षण शिविर में दी गई।

प्रशिक्षण शिविर का संचालन मनीष वैद्य ने किया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. मनीष मालवीय, डॉ. केवलराम कुशवाह, डॉ. नेहा कोहली, डॉ. स्नेहा मित्तल, मोहित सिंह खींची, डॉ. भावना परिहार, धर्मेन्द्र बैरागी, पंकजसिंह ठाकुर तथा अशोक यादव आदि ने किया।

### देवास आरटीओ ने बस को रोका तो साढ़े नौ लाख का टैक्स बकाया निकला




विनय उजाला

**देवास, निप्र।** आरटीओ देवास इन दिनों यात्री बसों की सख्ती से चेकिंग कर रहा हैं। ऐसे ही शर्मा ट्रेवल्स की बस को रोककर चेक किया तो बस पर साढ़े नौ लाख रुपए का टैक्स बकाया निकला। रोड पर बस सरपट दौड़ती रही लेकिन किसी ने अभी तक ध्यान नहीं दिया। बस को जब्त कर लिया गया। जिला परिवहन अधिकारी देवास ने बताया कि जिले में परिवहन विभाग द्वारा बकाया यात्री बसों के विरुद्ध विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत की गई देवास में भोपाल रोड पर चैकिंग अभियान के अन्तर्गत यात्री बसों को चैक किया गया, जिसमें एक यात्री बस बिना मोटरयान कर संदाय किए संचालित होते पाई जाने पर जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। जब्त की गई यात्री बस से लगभग 9 लाख 50 हजार मोटरयान कर वसूल किया जाना है। नियम विरूद्ध संचालित वाहनों की चैकिंग कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी।

### मुख्यमंत्री संबंल योजना के हितग्राहियों को 1 करोड़ 2 लाख की सहायता राशि हस्तांतरित



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** नगर निगम देवास में मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत हितग्राहियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका निगम देवास क्षेत्र के 47 हितग्राहियों को एक करोड़ 2 लाख की सहायता राशि हस्तांतरित की। नगर निगम बैठक हाल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने समस्त लाभांवित हितग्राहियों को शासन के द्वारा प्रदाय राशि का उपयोग अपने परिवार के कल्याण के कार्य के लिए कहा गया। नेता सत्तापक्ष मनीष सेन द्वारा संबल योजना के लाभ बताए। शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ समिति अध्यक्ष शीतल गहलोत द्वारा संबल योजना में किस प्रकार से मजदूर व उनके परिवार को संबल प्रदाय कर उनके लिए उपयोगी है बताया गया, साथ ही नव वर्ष के उपलक्ष में किए जाने वाले जन सेवा ईकेवाईसी अभियान के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम में पार्षद सोनू परमार, भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल सहित सैकड़ों हितग्राही रहे।

### सर्वधर्म रोजा इफ्तार का आयोजन संपन्न



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** सर्वधर्म रोजा इफ्तार का आयोजन बीएनपी रोड पर गढ़वाल गार्डन में रखा गया। गंगा जमुना की तहजीब के साथ दोनों समुदाय के लोगों ने एक जाजम पर बैठकर इफ्तार किया। प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस नईम एहमद ने बताया मरहूम अफाक एहमद शेख मौलाना इसाले सवाब के लिए रोज इफ्तार आयोजन रखा गया।

शहर काजी अबुल कलाम ने प्रदेश की देश की तरक्की, अमन और भाईचारे दुआ की। रमजान हमें अमन और मुहब्बत का पैगाम देता है, हमारा भारत मुहब्बत की खुशबू से हमेशा महकता रहे। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश प्रो कबड्डी अध्यक्ष युवा नेता दीपक जोशी पिंटू भैया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, समाजसेवी अफजल खान प्रकाश, भगवान सिंह चावड़ा, रमेश व्यास, अनवर खान सेंट्रल मालवा, जितेंद्र सिंह मोंटू, एजाज नीलम, पेपर पटेल स्कूल अध्यक्ष सैयद मेशरह अली जुगनू, प्रयास गौतम, गुरुचरण सलूजा, सिद्धार्थ माहुरकर, जाकिर उल्लाह शेख, चंद्रपाल सिंह सोलंकी छोटू, शाहिद मोदी, हिम्मत सिंह चावड़ा, दिग्विजय सिंह झाला, हरीश गजधर, नवाब मिर्जा, कुदूस शेख, अनवर हुसैन, जमील खान, सरफराज अहमद सिद्दीकी, वसीम खिलजी, अशरफ नागोरी, पंकज भाई, सत्येन्द्र सिंह चौहान, दीपेश हरोडे, शाहबाज शेख आदि उपस्थित थे। आभार उबेद शेख ने माना।

### 32 लाख रुपए की लूट का देवास पुलिस ने किया खुलासा..

## सोसाइटी का सहकर्मी ही था लूट का मास्टरमाइंड वारदात में शामिल चार आरोपी भी पकड़ाए

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** थाना टोंकखुर्द क्षेत्रांतर्गत हुई दिनदहाड़े सनसनीखेज लूट की घटना का मात्र 48 घंटे में ही पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। सोसायटी का सहकर्मी ही अपराध का असल मास्टरमाइंड था। बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित ग्राम जमुनिया के सहायक सचिव के साथ 32 लाख 62 हजार 700 रुपए की लूट हुई थी। घटना की पतारसी एवं आरोपियों की शिनाख्ती के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) देवास ने लगातार 48 घण्टे टोंकखुर्द में कैम्प किया था।

ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत जिलेवासियों द्वारा लगाये सीसीटीवी कैमरों में आरोपी कैद हो गए थे। जिला पुलिस द्वारा विगत दिनों में प्रत्येक गांव के लिए बनाए गए 1100 वाट्सएप ग्रुपों में जुड़े 22000 लोगों तक पुलिस ने घटना और फुटेज की जानकारी पहुंचाई थी, इसके बाद पुलिस के हाथ अहम सुराग लग गए. पुलिस ने अभी 31,71,000/-की राशि को बरामद किया हैं। लूट में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। सोसायटी में कार्यरत चपरासी राम कुशवाह ने ही रची थी पूरी वारदात। 26 मार्च



के दोपहर करीबन 3:30 बजे ग्राम जमुनिया स्थित बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित के सहायक सचिव मुकेश पटेल पिता दुर्गा प्रसाद 40 निवासी जमोनिया थाना टोंकखुर्द, सहकारी संस्था कार्यालय ग्राम जमुनिया से अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल की टंकी पर नीले कलर के स्कूल बैग में किसानों से वसूली की राशि 32,62,700/- रखकर सेवा सहकारी संस्था शाखा टोंकखुर्द में जमा करने जा रहा था।

कुछ दूर जाने पर बरदु अमोना रोड पर बिना नम्बर की मोटरसाइकिल पर सवार 2 अज्ञात बदमाशों के द्वारा फरियादी की मोटरसाइकिल के आगे अपनी मोटरसाइकिल लगाकर रोका एवं सीने पर कट्टा अड़ाकर रुपए से भरा बैग एवं मोटर साइकिल की चाबी छीनकर अमोना की तरफ भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी थाना टोंकखुर्द आलोक सोनी मय फोर्स के घटनास्थल पहुंचे एवं घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर उक्त गंभीर घटना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक देवास के आदेशानुसार घटनास्थल के आस-पास के गांव एवं सीमावर्ती जिलो के रास्तों पर जिला पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचित कर नाकाबंदी की गई। रिपोर्ट पर से थाना टोंकखुर्द में धारा 309(4) ब्हृस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी कर लूट में गया मशरुका बरामद करने के लिए निर्देशित किया गया, जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी टोंकखुर्द आलोक सोनी, थाना प्रभारी पीपलरवां कमल सिंह गेहलोत, थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचन्द्र शर्मा एवं थाना प्रभारी सोनकच्छ दीपक यादव के नेतृत्व में 8 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पुलिस टीमों के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये गये। सीसीटीव्ही फुटेज एवं मुखबिर तंत्र की सूचना पर से संदिग्ध कुन्दन सोलंकी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर प्रारंभिक पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य तीन साथियों के साथ सहायक सचिव मुकेश पटेल की रैकी कर लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया। लूट की घटना में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम :** तोहिद शाह पिता तैय्यब शाह उम्र 28 साल निवासी नई आबादी थाना टोंकखुर्द, आमिन शाह पिता आबिद शाह उम्र 43 साल निवासी नई आबादी थाना टोंकखुर्द, कुन्दन सोलंकी पिता हरीश सोलंकी उम्र 28 साल निवासी मालवीय नगर थाना टोंकखुर्द, राम कुशवाह पिता दशरथ कुशवाह उम्र 32 साल निवासी गलेती मोहल्ला थाना टोंकखुर्द।

### भावसार समाज ने धूमधाम से मनाया मां हिंगलाज का प्राकट्य उत्सव

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** भावसार समाज देवास द्वारा कालूखेड़ी बायपास उज्जैन रोड पर निर्माणाधीन हिंगलाज धाम पर भावसार समाज देवास द्वारा 27 मार्च को हिंगलाज प्राकट्य उत्सव धूमधाम, हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव में आनंद का अतिरेक इसलिए भी रहा कि भावसार समाज के दानदाताओं के सहयोग द्वारा क्रय की गई 28 हजार स्क्वेयर फीट जमीन के 2500 स्क्वेयर फीट पर टीन शेड बनाकर निर्माण कार्य आरंभ किया गया। स्वयं की जमीन पर स्वयं की छत के नीचे उत्सव का आयोजन समाज जन को अतिरिक्त उत्साह से भर देने वाला रहा।

सभी का मन इसी भाव से भरा रहा कि एकजुट होकर हिंगलाज धाम के प्रस्तावित स्वरूप को पूर्णता प्रदान करना है। इसके लिए तन, मन, धन से सहयोग का भाव समाजजनों के मन में रहा। समाज के विकास और एकजुटता के भाव की सुदृढ़ता के लिए शुभ मुहूर्त में मां हिंगलाज की पूजा अर्चना आरंभ की गई। हवन में बैठने हेतु निर्धारित राशि प्रदान कर मुख्य यजमान के रूप में मुकेश झाला एवं डॉ. ममता झाला हवन में बैठने



के अधिकारी बने। विधि विधान से पूजन कार्य पूर्ण किया गया। समाज के उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा भी मंगलकामना हेतु आहूतियां प्रदान की गई। परिसर में स्थित जल तत्व (नलकूप) की पूजा के पश्चात कलश यात्रा निकाल गई जिसमें ढोल की थाप पर थिरकते नृत्य करते बालिकाओं और महिलाओं के पैर खुशी को बयां कर रहे थे।


ऐसे ही खुशनुमा माहौल में गोपाललाल झाला, ताराबाई झाला इटावा द्वारा लाल रिबन काटकर नवनिर्मित शेड का उद्घाटन किया गया और मां हिंगलाज की आरती की गई। तत्पश्चात समाजजन के मध्य वैचारिक विमर्श रखा गया। जिसमें सभी ने समाज अध्यक्ष भूपेन्द्र भावसार और उनकी पूरी टीम की प्रशंसा की ओर इसी तरह कार्य को आगे बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया।

### सांस्कृतिक स्वरूप में कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य केंद्रित नाट्य का किया मंचन

# सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर 'विक्रमोत्सव' का आयोजन

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर विक्रमोत्सव का आयोजन विक्रमसभा भवन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पहार और दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, अपर कलेक्टर बिहारी सिंह मुख्य आतिथ्य में



हुआ। इस दौरान कार्यक्रम के नियुक्त नोडल अधिकारी व परियोजना अधिकारी देवास स्मिता रावल सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पहार और पुष्प गुच्छ से किया गया। इस



अवसर पर संचालक अरविंद त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार निदेशक श्रीराम तिवारी जी के लेख 'भारत का नववर्ष विक्रम संवत' का वाचन किया। संस्था माही सोशियो एंड कल्चरल सोसाइटी भोपाल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक स्वरूप में सम्राट विक्रमादित्य केंद्रित नाट्य का मंचन किया गया। कार्यक्रम के मध्य में ही स्वास्तिक डांस ग्रुप भोपाल द्वारा अन्य सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, सहायक संचालक श्री प्रजापति, विशाल दोहरे, सचिन पटेल, शासकीय शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों के साथ साथ नगरवासी उपस्थित रहे।

## मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने निजी अस्पतालों को राज्य सरकार देगी अनुदान

# चिकित्सा सेवा मानवता की सर्वोत्तम सेवा: मुख्यमंत्री

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज में चिकित्सकों का योगदान सर्वोच्च माना जाता है, चिकित्सा सेवा मानवता की सर्वोत्तम सेवा है। सभी चिकित्सक हमेशा अपने हृदय में दया करुणा और मानवता के भाव को सर्वोच्च स्थान दें।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सरकार निजी अस्पतालों/बड़े मेडिकल ग्रुप्स को अनुदान देगी। वेलनेस सेंटर, नेचुरोपैथी सेंटर की स्थापना सहित आयुर्वेद (आयुष) को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे निजी प्रयासों को भी राज्य सरकार अनुदान देगी। गौशालाओं की स्थापना को भी सरकार समुचित प्रोत्साहन दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन जिले के बड़नगर में काबरा हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। संत श्री पंडित कमल किशोर नागर महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिव प्रकाश, जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक बड़नगर जितेंद्र सिंह पंड्या, विधायक नागदा डॉ. तेज बहादुर सिंह सहित जन-प्रतिनिधि, हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. वासुदेव काबरा आदि उपस्थित थे।



### सम्राट विक्रमादित्य ने सबको कर्ज मुक्त किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज विक्रम संवत का पहला दिन है। हमारी काल गणना पद्धति वैज्ञानिक है और व्यवहारिक भी है। हमारी कालजयी पद्धति में एक सेकेण्ड के 34000 वें हिस्से की भी गणना की जाती थी। हमने वैदिक घड़ी बनाकर उस काल के महत्व को आज की नई पीढ़ी को समझाने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे यहां विक्रम संवत् की स्थापना सम्राट विक्रमादित्य के पुरुषार्थ से हुई थी। सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल में उनकी सम्पूर्ण प्रजा पर कोई कर्जा नहीं था। सम्राट विक्रमादित्य ने सबको कर्ज मुक्त किया था और यह सब ऋणमुक्तेश्वर महादेव के असीम आशीर्वाद से ही हो पाया था। नवग्रह पूजन सिर्फ भारत में ही होता है क्योंकि इस संसार के सभी ग्रह, उपग्रह, नक्षत्र, पिंड और समूचा ब्रह्मांड हमारा है। ये सभी हमारे लिए तबसे स्तुत्य हैं और आगे भी हमेशा पूजनीय ही रहेंगे। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. वी.डी. काबरा ने स्वागत उद्बोधन दिया। डॉ. प्रखर काबरा ने हॉस्पिटल के संबंध में जानकारी प्रदान की।

### आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को सराहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काबरा परिवार द्वारा बीते कई दशकों से मानव मात्र की उपचार सेवाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. वासुदेव काबरा के नेतृत्व में इस परिवार की तीसरी पीढ़ी भी बड़नगर क्षेत्र के पीड़ितों/मरीजों के इलाज में पूरे समर्पण से सेवा दे रहे हैं, यह तारीफ की बात है। बड़नगर जैसी छोटी जगह में एक बड़ा हॉस्पिटल स्थापित करना निःसंदेह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि संतों के मार्गदर्शन और उनके सुझाए मार्ग से हम प्रदेश की जनता की सेवा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के सराहना करते हुए कहा कि इस पद्धति से रोग का जड़ से उन्मूलन किया जाता है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हिंदू नववर्ष के आरंभ पर सूर्य को दिया अर्घ्य



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में प्रातः भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम नव संवत्सर 2082 के आरंभ के अवसर पर उदीयमान सूर्य देव को अर्घ्य दिया और हिंदू नव वर्ष पर विक्रम ध्वज, गुड़ी का दत्त अखाड़ा घाट पर पूजन-अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों और देशवासियों को भारतीय नववर्ष की मंगलकामनाएं दी। भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है। यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है। इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी मेडिकल कॉलेज में आधुनिक आर्थोस्कोपी सिम्युलेटर लैब शुरू

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। दरअसल राजधानी भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज में डेढ़ करोड़ की लागत से आधुनिक आर्थ्रोस्कोपी सिम्युलेटर लैब की शुरुआत की गई है। अब जीएमसी में स्पोर्ट इंजरी के विशेषज्ञ तैयार किए जाएंगे। इस लैब में सबसे पहले जीएमसी ऑर्थोपेडिक विभाग के रेसिडेंट डॉक्टर्स को बेसिक स्पोर्ट्स इंजरी कोर्स में की ट्रेनिंग दी जाएगी। अगले वर्ष से प्रदेशभर के सरकारी व प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए एडवांस कोर्स शुरू किया जाएगा। गांधी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बताया कि लैब शुरू करने से पहले जीएमसी ने एक शोध किया, जिसमें पाया गया कि सिम्युलेटर मशीन पर प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टर्स की सर्जिकल स्किल अन्य की तुलना में अधिक बेहतर थी। साथ ही, उनके द्वारा ऑपरेट किए गए मरीजों की रिकवरी भी तेजी से हुई। अब सिम्युलेटर पर प्रैक्टिस के बाद असली सर्जरी नई लैब में डॉक्टर्स आर्थोस्कोपी सिम्युलेटर मशीन पर सर्जरी की प्रैक्टिस करेंगे। उनका प्रदर्शन संतोषजनक रहने पर उन्हें केडेवर (मानव अंग मॉडल) पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन दोनों चरणों को पूरा करने के बाद ही वे वरिष्ठ डॉक्टर्स की देखरेख में मरीजों की सर्जरी कर पाएंगे। गांधी मेडिकल कॉलेज ऑर्थोपेडिक विभाग के एचओडी डॉ. आशीष गोहिया ने बताया कि यह चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एक बड़ी पहल है। इस लैब से प्रदेशभर के डॉक्टर्स को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने बताया कि सिम्युलेटर सिस्टम की मदद से डॉक्टर्स बिना किसी वास्तविक सर्जरी के अभ्यास कर सकते हैं, जिससे उनकी दक्षता बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा।

### गेहूं का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें: खाद्य मंत्री

**भोपाल, निप्र।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों असामयिक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। अतः रबी विपणन वर्ष 2025-26 में अभी तक उपार्जित गेहूँ का परिवहन एवं भण्डारण सुनिश्चित करें। इस तरह के प्रयास करें कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर असामयिक वर्षा से गेहूं भीगना नहीं चाहिए। मंत्री राजपूत ने कहा है कि अभी तक 7 लाख 98 हजार 461 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 6 लाख 96 हजार 625 मीट्रिक टन उपार्जित गेहूं का परिवहन एवं भंडारण किया जा चुका है। शेष मात्रा 1 लाख 1 हजार 836 मीट्रिक टन गेहूँ का परिवहन एवं भंडारण अति शीघ्र करवाएं। कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध गेहूं का परिवहन कर गोदामों में सुरक्षित भंडारण के लिए जरूरी हो तो अन्य परिवहनकर्ताओं के ट्रकों को इस कार्य में लगाएं। गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्रों पर खुले में भंडारित गेहूं को समितियों के माध्यम से गोदामों में भंडारण सुनिश्चित करें। उपार्जन केंद्रों पर गेहू की स्टेक लगाकर पक्के प्लेटफार्म पर भंडारित कराएं और उसे तिरपाल से कवर करवायें। नियुक्त नोडल अधिकारी अपने-अपने केंद्र पर उपस्थित रहकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

### भोपाल निगम का 3 अप्रैल को आएगा बजट

**भोपाल, निप्र।** भोपाल नगर निगम 3 अप्रैल को वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेगा, लेकिन पिछले बजट का एक बड़ा हिस्सा अभी तक खर्च नहीं हुआ है। बीएमसी के नेता प्रतिपक्ष सबिस्ता जकी ने आरोप लगाया कि 3,353 करोड़ रुपये के बजट में से करीब 1,300-1,500 करोड़ रुपये अभी तक खर्च नहीं हुए हैं। बजट में करीब 20 विशिष्ट प्रावधानों के बावजूद, मुट्ठी भर परियोजनाएं ही पूरी हो पाई हैं। उनका कहना है कि करीब 40 फीसदी बजट अभी तक खर्च नहीं किया गया है। कई योजनाए कागजों पर हैं। केवल इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शुरू करने के लिए 10 करोड़ रुपये के बजट को पूरा किया गया है।

## विक्रमोत्सव-2025 झाबुआ में सूर्य उपासना कार्यक्रम में मंत्री सुश्री भूरिया शामिल हुई

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भारत का नववर्ष विक्रम संवत, गुड़ी पड़वा 30 मार्च 2025 को महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की उपस्थिति में राजवाड़ा चौक झाबुआ पर पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया है।**



संस्कृति विभाग निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर राजवाड़ा चौक में मंत्री महिला एवं बाल विकास सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में और कलेक्टर नेहा मीना की उपस्थिति में सूर्य उपासना कार्यक्रम में श्री सत्यनारायण मंदिर में पूजन कर सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर सूर्य उपासना की गई। साथ ही ब्रम्हध्वज को स्थापित किया गया। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया गया और भारत का नववर्ष विक्रम संवत् पुस्तिका का विमोचन कर वितरण के साथ उसके प्रमुख अंशो का वाचन किया गया। नाट्य प्रस्तुति के कलाकारों का सम्मान किया गया। मंत्री सुश्री भूरिया ने समस्त उपस्थितजनों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष के शुभारम्भ पर सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन से नई पीढ़ी को ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को अवगत कराया जा सके। इस दौरान जनप्रतिनिधि श्री भानु भूरिया, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री बिट्टू सिंगार, पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल, वन मण्डलाधिकारी श्री हरे सिंह ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता श्री ओम शर्मा, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश के तापमान में गिरावट, 1 अप्रैल से ओले-बारिश का अलर्ट

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश के मौसम लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां पहले तेज गर्मी से लोग परेशान हो रहे थे। वहीं पिछले दो दिन से तापमान में गिरावट हुई है। अप्रैल के पहले सप्ताह में ओले, बारिश और आंधी का अलर्ट है।**

1 और 2 अप्रैल को भोपाल, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम समेत प्रदेश के पूर्वी हिस्से रीवा, शहडोल संभाग में भी बारिश हो सकती है। कुछ जिलों में ओले गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से मौसम बदल सकता है। 30 मार्च को दिन-रात के तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर में दिन का पारा 35-36 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रह सकता है। रात में भी पारा कम ही रहेगा।

### बारिश-ओले के बाद चलेगी लू

अप्रैल महीने की शुरुआत में भले ही बारिश और ओले का अलर्ट जारी किया गया है, लेकिन इसके बाद लू का असर रह सकता है। मालवा-निमाड़ यानी इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू चलने की संभावना ज्यादा है, जिनमें रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, धार शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सामान्यतः दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा हो सकता है। इस कारण 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में फिर प्रदेश का मान बढ़ाया

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को मन की बात रेडियो कार्यक्रम में प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में महुआ के फूल से कुकीज बनाए जाने का उल्लेख करने का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभिवादन किया है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बहनें अपने स्तर पर पहल कर आत्मनिर्भरता की नई मिसालें प्रस्तुत कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर नारी शक्ति द्वारा किए जा रहे हैं नवाचारों का उल्लेख करने से उन्हें प्रेरणा मिलेगी और बहनें अपने कौशल और परिश्रम से नए आयाम स्थापित करने की ओर अग्रसर होंगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने

### प्रदेश में बहनें आत्मनिर्भरता के संकल्प को कर रही हैं साकार

महुआ के फूलों के बारे में जरूर सुना होगा, हमारे गांवों और खासकर के जनजातीय समुदाय के लोग इसके महत्व से अच्छी तरह परिचित हैं। देश के कई हिस्सों में महुआ के फूलों की यात्रा अब एक नए रास्ते पर निकल पड़ी है। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में महुआ के फूल से कुकीज बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि राजाखोह गांव की चार बहनों के प्रयास से ये कुकीज बहुत लोकप्रिय हो रही है। इन महिलाओं का जज्बा देखकर एक बड़ी कंपनी ने इन्हें फेक्ट्री में काम करने की ट्रेनिंग दी। इससे प्रेरित होकर गांव की कई महिलाएं इनके साथ जुड़ गई हैं। इनके बनाए महुआ कुकीज की मांग तेजी से बढ़ रही है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश में रविवार से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ हुआ। भोपाल में अभियान की शुरुआत कलियासोत नदी के स्वच्छता के साथ हुई।**




बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महापौरमालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, रविंद्र यति, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। महापौर मालती राय ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान' न केवल जल स्त्रोतों की सफाई का कार्य है, बल्कि यह जनजागरूकता का भी अभियान है। हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि हमारी तालाब, कुओं बाबड़ियों को स्वच्छ और संरक्षित रहें।

नगर निगम इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है और जनभागीदारी से इस कार्य को गति दी जाएगी। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, यह सतत प्रयासों की मांग करता है। इस अभियान के माध्यम से हम न केवल नदी की सफाई करेंगे, बल्कि लोगों को जल के महत्व और इसके संरक्षण के प्रति जागरूक भी करेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों और नागरिकों ने मिलकर स्वच्छता शपथ ली और भविष्य में जल स्त्रोतों की रक्षा के लिए सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया निरीक्षण



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शनिवार को नरसिंहपुर जिले के शासकीय कन्या शाला गाडरवारा का निरीक्षण किया। उन्होंने एक अप्रैल से नये शैक्षणिक सत्र की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। स्कूल प्रशासन ने बताया कि कन्या शाला में करीब एक हजार छात्राओं के नाम अध्ययन के लिये दर्ज है। मंत्री सिंह ने शाला भवन निर्माण की स्थिति की जानकारी नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन काम गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा किया जाएं। मंत्री सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से एक अप्रैल से 4 अप्रैल तक चलने वाले स्कूल चलें हम अभियान और प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी उनके साथ थे।

### 26वें मेडिसिन अपडेट 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री शुक्ल

## मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार सुरक्षित स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हेल्थ केयर क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता से निरंतर प्रगति हो रही है। मेडिसिन अपडेट जैसे सेमिनार नए निष्कर्ष निकालने में सहायक होते हैं, जिससे नई पीढ़ी को भी लाभ मिलता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल, एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के जबलपुर चेप्टर द्वारा होटल विजन महल में 26वें मेडिसिन अपडेट 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए।**




उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। मेडिकल कॉलेज में प्रदेश में एमबीबीएस की 10 हज़ार और पीजी में 5 हज़ार सीट की वृद्धि की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश हेल्थ केयर में किया गया है और डॉक्टरों के लिए बेहतर प्रोजेक्ट तैयार किए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि डॉक्टरों की क्वालिटी और मानक, मानवता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समय के साथ उन्हें अपडेट रहना चाहिए और ऐसे सेमिनार से नई जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को सेवा भाव से कार्य कर समाज में उत्कृष्ट योगदान देना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गई है और 2047 तक अमेरिका और चीन को भी पीछे छोड़कर भारत शीर्ष पर पहुंचेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका होगी। उन्होंने सेमिनार में आए निष्कर्षों को सरकार तक पहुंचाने की बात कही। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

पूर्व मंत्री और विधायक अजय बिश्नोई ने कहा कि मेडिसिन अपडेट समय की मांग है। एलोपैथी में नई खोजों से पीड़ित मानवता की सेवा होती है। उन्होंने आयुष के क्षेत्र में हो रहे शोध कार्यों की भी सराहना की। इस दौरान एआईपी के प्रेसिडेंट डॉ. नवीन शर्मा, सचिव डॉ. अभिषेक तिवारी, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा और अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.